

कांग्रेस नेता राहुल बोले-जुबिन गर्ग की तरह कांग्रेस भी लोगों को एकजुट करने का काम करती है - 7





मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव - 8





ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई, अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार - 9





शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता - 12


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.36

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी 02:10 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 6 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 58, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# गजनवी काल का माफिया था सालार मसूद महाराज सुहेलदेव ने जहन्नुम भेजा : योगी

## सॉफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना, बोले- आज जो माफिया मिट्टी में मिले इन जैसा था मसूद

- मुख्यमंत्री ने बीएनए में स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह की शुरुआत की, राष्ट्र नायकों पर नाटक बनाने का आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को साफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गजनवी काल का सालार मसूद भी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। योगी ने चेतावनी दी कि जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा।



भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में 12 अप्रैल तक आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर किसी विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया। योगी ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने मसूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था। लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे। लेकिन अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि मेरी सरकार में बनाए गए महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है। योगी ने कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। उन्होंने चिंता जताई कि अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।

### राष्ट्र नायकों के योगदान पर बनाएं लघु नाटक

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र नायकों के योगदान को रेखांकित करते हुए महाराज सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे वीरों पर लघु नाटक तैयार करने की अपील की। योगी ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देता है। नई और पुरानी पीढ़ी को साथ लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने अकादमी के लिए छात्रावास निर्माण सहित अन्य प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### कभी पेशेवर गुंडों को नायक बनाने वालों का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय हमारे संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा था, जो पेशेवर गुंडों और माफिया को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे, जबकि वास्तविक नायकों को नजरअंदाज किया जाता था। उन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी से वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हर जिले में प्रभावी प्रस्तुति आयोजित करने की अपील की।

### 24 से दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 अप्रैल से लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की साहित्यिक कृतियों पर भी रंगमंचीय प्रस्तुतियों की आवश्यकता जताई।

# ईरानी क्षेत्र में जीवन-मरण मिशन में अमेरिका ने अपने पायलट को बचाया

- होर्मुज खेलने का अल्टीमेट आज होगा समाप्त, ट्रंप बोले- न खोला तो ईरान को नरक बना देंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी


अमेरिका ने अपने उस पायलट को दो दिन तक चले 'जीवन-मरण' वाले मिशन में सुरक्षित बचा लिया, जो तेहरान के हमले में अपने लड़ाकू विमान को निशाना बनाये जाने के बाद लापता हो गया था। अमेरिकी सेना ने इस अभियान को ईरान में घुसकर अंजाम दिया। ईरान द्वारा विमान को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी वायुसेना का अधिकारी दुश्मन से बचने के लिए पहाड़ों की एक दरार में छिप गया और 7,000 फुट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन तक चले इस मिशन में अमेरिकी सेना उसे सुरक्षित ले आई।

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में, बचाए गए अधिकारी को एक अत्यंत सम्मानित कर्नल बताया। उन्होंने कहा, हमने ईरान के पहाड़ों के बीच से, गंभीर रूप से घायल और अत्यंत साहसी एफ-15 चालक दल के सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। व्हाइट हाउस ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की, हम किसी भी अमेरिकी सैनिक को कभी संकट में नहीं छोड़ेंगे। विमान के चालक दल के दो सदस्य बाहर निकलने में सफल रहे थे। इनमें से एक पायलट को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरे पायलट की तलाश में अमेरिका ने ईरान में उतरकर दिन-रात एक कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात के एक पेट्रो-रसायन संयंत्र में रविवार को हुए हमले के बाद आग लग गई।

वहीं, होर्मुज खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के कुछ ही घंटों । बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को फिर दावा किया कि तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को खत्म कर दिया गया है।

### यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन



शनिवार देर रात 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक साहसिक खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। उन्होंने कहा, यह बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा में था, जहां हमारे दुश्मन उसकी तलाश कर रहे थे तथा हर गुजरते पल के साथ वे उसके और करीब आते जा रहे थे।

### कुवैत में वित्त मंत्रालय व तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले



**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

## ब्रीफ न्यूज

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित कीं

**यरूशलम।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इस्रायर, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना वहां रह रहे 40,000 भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण निकलना चाहते हैं।

### ईंधन संकट के बीच नेपाल में सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा

**काठमांडू।** ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

# न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना तृणमूल का महाजंगलराज

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों का घेराव किये जाने को लेकर पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को भाजपा की प्रचार रणनीति का रविवार को केंद्र बिंदु बनाते हुए इस घटना को तृणमूल कांग्रेस का महा जंगलराज करार दिया। उन्होंने 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा फैलाए गए भय और भाजपा के भरोसे के बीच सीधा मुकाबला बताया।

मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा होने के बाद, उत्तर बंगाल के कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मालदा घटना का इस्तेमाल भाजपा के दोहरे चुनावी मुद्दों - बिगड़ती कानून व्यवस्था और जनसांख्यिकीय परिवर्तन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया। उन्होंने जनसांख्यिकीय परिवर्तन का हवाला देते हुए संदेशखालि मामला, बांग्लादेश से घुसपैठ, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला। मोदी ने कहा, दो या तीन दिन पहले, पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों का कैसे घेराव किया गया। यह किस तरह की सरकार है? यह किस तरह की व्यवस्था है जिसमें जज और संवैधानिक प्रक्रिया भी सुरक्षित नहीं है? हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री बुधवार रात मालदा के कालियाचक-2 ब्लॉक कार्यालय में हुई घटना का उल्लेख कर रहे थे, जहां एसआईआर की कवायद के दौरान तैयार की गई मतदाता सूची के मसौदे में विचाराधीन के रूप में चिह्नित नामों पर सुनवाई के दौरान भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों का कई घंटों तक घेराव किया था। मोदी ने कहा, मालदा में जो कुछ हुआ, वह सिर्फ टीएमसी का अहंकार नहीं था। यह इस क्रूर सरकार द्वारा प्रायोजित महाजंगलराज था।



- प्रधानमंत्री मोदी ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन का हवाला देते हुए संदेशखालि, घुसपैठ भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के लिए ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला

### टीएमसी के अत्याचारों का चुन चुन कर लेंगे हिसाब : प्रधानमंत्री

मोदी ने विधानसभा चुनाव को राज्य के भविष्य के लिए एक निर्णायक लड़ाई के रूप में पेश किया और चेतावनी दी कि चार मई के बाद कानून का शासन लागू होने पर, तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के अत्याचारों का चुन चुन के हिसाब होगा। उन्होंने कहा कि यह क्रूर सरकार प्रतिदिन बंगाल की पवित्र भूमि को रक्तरंजित कर रही है और इसे किसी भी संवैधानिक संस्था की परवाह नहीं है।

# बरेली में बेकाबू बोलेरो टैंकर में घुसी, 5 लोगों की गई जान

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम बाइक को टक्कर मारते हुए बेकाबू बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गईं। भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुए एक्सीडेंट की वजह ओवरस्पीड और गलत ओवरटेक और हाईवे किनारे खड़ा टैंकर माना जा रहा है। मृतकों में दो बरेली और दो पीलीभीत के रहने वाले थे, जबकि एक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर नंबर यूपी53ईएन/6693 बोलेरो लखनऊ की तरफ से आ रही थी। शाम 4 बजे के करीब बड़ा बाईपास पर तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर शनिवार रात से सड़क किनारे खड़े शीरा से लदे टैंकर में पीछे से घुस गई। इस दौरान बोलेरो ने एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो व बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। हादसा इतना भयानक था कि फंसे लोगों को बोलेरो की बॉडी काटकर बाहर निकाला जा सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इन लोगों ने गंवाई जान

बोलेरो सवार मनमोहन सिंह निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली, सिकंदर निवासी कल्याणपुर चकतीर्थ, पीलीभीत और एक अज्ञात की मौके पर ही जान चली गई। बाइक सवार ग्राम अटाकायस्थान थाना सीबीगंज निवासी साहबजाद खान और मुमताज ने भी दम तोड़ दिया।

# नेपाल के राजदूत बोले- भारत से मजबूत आर्थिक संबंध जरूरी

**ठाणे, एजेंसी।** भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। ठाणे में आयोजित भारत-नेपाल व्यापार कार्यक्रम और व्यापार संवर्धन पहल में शर्मा ने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों को साझा वृद्धि बढ़ाने के लिए सहयोग और साझेदारी के नए रास्ते तलाशने चाहिए।

आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम ने दोनों देशों के प्रमुख व्यक्तियों, व्यापारिक नेताओं और उद्योग जगत के हितधारकों को एक साथ लाने का काम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक नेटवर्किंग और साझेदारी चर्चाओं के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था। क्षेत्र में भारत के समग्र रणनीतिक हितों के लिहाज से नेपाल, भारत के लिए महत्वपूर्ण है, और दोनों देशों के नेताओं ने अक्सर सदियों पुराने 'रोटी-बेटी' के संबंधों का उल्लेख किया है।

# इजराइल में यूपी के छह हजार से अधिक श्रमिक सुरक्षित

- योगी सरकार ने लगातार संपर्क बनाए रखने का किया दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के छह हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय दूतावास के माध्यम से नियमित अपडेट ले रही है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से लगातार संपर्क में हैं। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी भारतीय श्रमिक, विशेषकर यूपी के कामगार, पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी बड़े खतरे या आपात स्थिति की सूचना नहीं है। हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन नियंत्रण में हैं। राजदूत के साथ हुई बातचीत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग सामने नहीं आई है। सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार और भारतीय दूतावास के समन्वय से इजराइल में कार्यरत यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है और हर संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।

प्रदेश सरकार ने श्रमिकों तक स्पष्ट संदेश पहुंचाया है कि किसी भी परिस्थिति में सरकार उनके साथ खड़ी है। जरूरत पड़ने पर सुरक्षित वापसी, आवास, भोजन और अन्य सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी सूचना पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### दूतावास का सक्रिय सपोर्ट सिस्टम

इजराइल स्थित भारतीय दूतावास ने श्रमिकों की सहायता के लिए 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम और मल्टी-लैंग्वेज कॉल सेंटर संचालित कर रखा है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। दूतावास अधिकारियों द्वारा लगातार श्रमिकों से संपर्क कर उनकी स्थिति की जानकारी ली जा रही है।

# मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर 6% की

- पश्चिम एशिया संकट के बीच 2026-27 के लिए जारी किया नया अनुमान
- कहा- महंगाई का जोखिम बढ़ेगा आने वाले दिनों में परिवारों के लिए एलपीजी की होगी कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा।

भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा। यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है।

कहा, हालांकि महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा ।



### औद्योगिकी गतिविधियों में रहेगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी ।

सीजेआई बोले | जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है

# न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य

हैदराबाद, एजेंसी

सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है।

उन्होंने कहा, देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मान रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित परियोजना के नक्शों और मॉडल को देखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 100 एकड़ में बनने वाला नया उच्च न्यायालय परिसर देश के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ चर्चा के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि पूरे उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसमें आवासीय और अन्य बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने इस प्रतिबद्धता के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।



तेलंगाना में एक समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीजेआई सूर्यकांत।

### सीजेआई ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय भवन के डिजाइन मॉडल को प्रदर्शित करने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिकारी और कानून जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इससे पहले स्वागत भाषण में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि जोन-II का विकास पूरी परियोजना में महत्वपूर्ण चरण है, जिसे न्यायपालिका की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणों में लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति एस वी भट्टी, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अर्पेश कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### इप्सेफ प्रतिनिधिमंडल को कैबिनेट सचिव से मिला आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन से उनके कार्यालय में रविवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट सचिव ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इप्सेफ के उप महासचिव अतुल मिश्र ने बताया कि बैठक में आठवें वेतन आयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें वेतनमान, भत्ते, पेंशन निर्धारण आदि शामिल हैं। बताया गया कि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर सरकार जनवरी 2026 से इसे लागू कर सकती है, जिसका लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगा। इसके अलावा रिक्त पदों पर पदोन्नति, नियमित नियुक्तियां, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति निर्माण तथा शिक्षकों के लिए टीईटी संबंधी प्रावधानों में राहत जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी।

### नशीले पदार्थों का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एसटीएफ ने अयोध्या के 50 हजार रुपये के इनामी नशीले पदार्थ के तस्कर को संभल के बबराला से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई शनिवार देर शाम को की। आरोपी के खिलाफ अयोध्या के बीकापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अरुण मेरठ के मेडिकल थाना स्थित जागृति बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में उसने संभल के बबराला स्थित अंबेडकर कालोनी में ठिकाना बना रखा था। 2023 में उड़ीसा से गांजे की खेप मंगाने के दौरान उसके दो साथी अयोध्या में पकड़े गए थे। जिसके बाद से वह फरार हो गया था।

### मुगैसी के निधन पर मायावती ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने मेरठ के अजराड़ा निवासी और मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि मुगैसी साहब देश के प्रमुख इस्लामी विद्वानों में से एक थे, जिनका मुस्लिम समाज में विशेष स्थान था। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### मऊ जिला अस्पताल में बढ़ेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ जिला अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए ओटी व आईसीयू यूनिट में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण स्थापित किए जाएंगे। जिसके बाद जनसामान्य को गुणवत्तायुक्त चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होंगी, उन्हें हर समस्या पर बड़े शहर के अस्पतालों में दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। एनटीपीसी के आर्थिक सहयोग से लगभग 62.10 लाख रुपये की लागत से अस्पताल में नई मशीनें स्थापित की जाएंगी। इनमें इको मशीन, सी-आर्म, लेप्रोस्कोपी और वेंटिलेटर जैसी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को अब जटिल ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। जिले के प्रभारी मंत्री व नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मऊ के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल मरीजों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगी।

# भाजपा का स्थापना दिवस आज, चलेगा अभियान

## प्रदेशभर में होगा ध्वजारोहण व संगोष्ठियां, गांव-बस्ती में लोगों से संपर्क करेंगे कार्यकर्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पूरे प्रदेश में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक आयोजन कर भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्रसेवा की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।


स्थापना दिवस के मौके पर लाइटों से सजाया गया लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दिन में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियां, संवाद कार्यक्रम और बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संघर्ष, सेवा और सुशासन की यात्रा पर चर्चा होगी। शाम 4:30 बजे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर विशेष कार्यक्रम में जनसंघ काल से भाजपा तक योगदान देने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान कार्यक्रम आयोजित होंगे। पार्टी स्थापना दिवस को केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और सेवा ही संकल्प की भावना के साथ मनाते हुए भाजपा संगठन को और मजबूत करने की दिशा में जुटी है।

- कल से 12 अप्रैल तक चलेगा संपर्क अभियान, बूथ स्तर तक सक्रिय रहेगा संगठन

स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। स्थापना दिवस के बाद 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

# बारिश हुई और ओले गिरे, अभी दो दिन और तूफान की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो-तीन डिग्री तापमान लुढ़का कई जिलों में झमाझम बारिश

**अमृत विचारः** प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है। बीते दो दिनों में बारिश और ओलावृष्टि के चलते प्रदेश के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, लेकिन अब मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए तेज आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 7 और 8 अप्रैल को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का नया सक्रिय दौर 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव दिखाना शुरू करेगा, जो 8 अप्रैल तक पूरे प्रदेश को प्रभावित करेगा। शनिवार और रविवार को पश्चिमी और मध्य यूपी में बारिश का असर अधिक देखने को मिला। इटावा में सर्वाधिक करीब 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट को और तेज किया।

हालांकि, छह अप्रैल को मौसम में आंशिक सुधार के संकेत हैं और तापमान में हल्की बढ़त हो सकती है, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी। सात अप्रैल से मौसम फिर बिगड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि नौ अप्रैल तक इस सिस्टम का असर बना रहेगा। इसके बाद इसके कमजोर पड़ने के साथ तापमान में 3 से 5 डिग्री तक और गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं 10 अप्रैल से प्रदेश में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई गई है।

# गुंडों-माफिया को पनपने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास, कानून व्यवस्था पर सख्त संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि प्रदेश में गुंडों और माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन अब समाप्त हो चुके हैं और आज यूपी सुरक्षित व विकासशील राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर में घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स और सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण तथा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, लेकिन अब प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश बन गया है। योगी ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी और पुलिस को निर्देश है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जिससे प्रदेश में विश्वास और निवेश का माहौल बना है। सीएम ने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन गुना बढ़ी है, जबकि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिया कि व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना की मंजूरी दी है। यहां 20 मेगावाट बिजली पैदा होगी जिसका इस्तेमाल सोलर लाइट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गोरखपुर सोलर सिटी के रूप में भी विकसित होगा।

आमजन और व्यापारियों के हित पर सरकार के रूख का ध्यान आकर्षित करते हुए योगी ने कहा कि नौ साल में उनकी सरकार ने कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया। इसके बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने नगर निगम को हिदायत दी कि कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों से अधिक किराया न लिया जाए। उतना ही किराया तय किया जाए, जितना व्यापारी आसानी से दे सकें।



गोरखपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन गाएंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा।

### नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता

- युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया आह्वान

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का तथ्यों और शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष मनगढ़ंत आरोपों के जरिए माहौल बनाने की कोशिश करेगा, ऐसे में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सतर्क और सक्रिय रहना होगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही सकारात्मक कंटेंट तैयार कर विकास कार्यों को प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर बूथ पर मजबूत उपस्थिति बनाएं और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दें। सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ खड़ी रही है। उन्होंने श्रीराम, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, स्वामी विवेकानंद और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की बड़ी युवा आबादी है, जिसे सकारात्मक दिशा में जोड़ा जाए तो राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

# छह ब्लड बैंकों में मिली अनियमितताएं, लगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में छापेमारी

**अमृत विचारः** प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों में मानक की जांच जारी है। उक्त क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र. की टीम ने रविवार को कई जिलों में संचालित ब्लड बैंकों पर छापेमारी कर अनियमितताएं पकड़ी हैं। मरीजों को मानक विपरीत खून उपलब्ध कराने वाले 6 ब्लड बैंकों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में कुल 18 चेरिटेबल ब्लड बैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनमें बिना टेस्ट के रक्त ट्रांसफर, एलाइसा जांच का अभाव, कोल्ड चेन में लापरवाही, तकनीकी स्टाफ की कमी और गंदगी जैसी स्थिति शामिल हैं।

खामियों को देखते हुए अलीगढ़ के तीन, बहराइच के दो और शामली के एक समेत कुल 6 ब्लड बैंकों पर तत्काल प्रभाव से खून की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र. आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने बताया कि 30 मार्च से चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में 201 ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया गया और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिजली दरों पर अंतिम सुनवाई आज, कानपुर में तय होंगी नई दरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली की नई दरों को लेकर सोमवार को कानपुर में अंतिम सुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित इस सुनवाई के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरों का ऐलान किया जाएगा।

इस अहम सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपभोक्ताओं की ओर से पक्ष रखेंगे। परिषद बिजली दरों में कमी की मांग के साथ-साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाएगा। परिषद का दावा है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है, जिसे आधार बनाकर दरों में कटौती की मांग की जाएगी। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। परिषद का आरोप है कि बिना उपभोक्ता की सहमति के बड़े पैमाने पर मीटरों को प्रीपेड मोड में बदला गया है, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। अवधेश वर्मा ने कहा कि यह कदम विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है और इस संबंध में आयोग में अवमानना याचिका भी दाखिल की जाएगी।

# सात करोड़ की हेरोइन पकड़ी, चार गिरफ्तार

- लखनऊ में गोरखपुर और कुशीनगर में बाराबंकी की टीम ने की छापेमारी

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी एएनटीएफ की गोरखपुर और बाराबंकी की टीम ने दो दिन के अंदर लखनऊ और कुशीनगर में छापेमारी की। इस दौरान करीब सात करोड़ की हेरोइन बरामद की। टीम के हत्थे चार आरोपी चढ़े। आरोपियों के खिलाफ लखनऊ व कुशीनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एएनटीएफ व स्थानीय पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एएनटीएफ गोरखपुर की टीम द्वारा आलमबाग में पकड़े गए आरोपियों में बाजारखाला के फैसल हसन और फरहान हसन शामिल हैं। उनके पास से 1.230 किलोग्राम हेरोइन (करीब 2.46 करोड़) पकड़ी गई। वहीं बाराबंकी की एएनटीएफ यूनिट ने कुशीनगर में छापेमारी कर बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया स्थित गुदरा निवासी विनोद साहनी और झारखंड के चतरा के गिद्धौर स्थित दांगी निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2.505 किलोग्राम हेरोइन (करीब 5 करोड़) बरामद की गई।

# नई जनगणना के आधार पर हो महिला आरक्षण बिल

**अमृत विचार, लखनऊः** महिला आरक्षण बिल पर सवाल उठाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि गिनती ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा। अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है। उन्होंने कहा कि नई जनगणना के आधार पर महिला आरक्षण बिल लागू होना चाहिए।



सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि दरअसल महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा-हवाई बात नहीं और इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है। जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी।

# भोपाल का कछुआ तस्कर लखनऊ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भोपाल पुलिस के इनपुट पर एसटीएफ ने सैरपुर इलाके में की कार्रवाई

**अमृत विचारः** यूपी एसटीएफ ने वन्यजीव तस्कर को लखनऊ के सैरपुर स्थित आईआईएम रोड से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई भोपाल पुलिस के इनपुट मिलने पर की। संयुक्त टीम ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। वह चार वर्ष से फरार चल रहा था। उसे सैरपुर थाने में दाखिल किया गया। जहां भोपाल पुलिस साथ लेकर चली गई।

एसटीएफ के एएसपी सत्यसेन यादव के मुताबिक, आरोपी रविंद्र उर्फ रमन मलिहाबाद के बख्तियार नगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश के भोपाल में कछुआ तस्करी का मामला दर्ज था। भोपाल पुलिस को इनपुट मिला का रविंद्र उर्फ रमन लखनऊ में छिपा है। इस पर मध्य प्रदेश पुलिस ने एसटीएफ से सहयोग मांगा। संयुक्त टीम ने रविवार को आईआईएम रोड स्थित सैरपुर थाना क्षेत्र से सुबह करीब 11:45 बजे दबोचा गया। एसटीएफ के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश की नदियों से प्रतिबंधित और संरक्षित प्रजाति के कछुओं को निकालकर अंतर्राज्यीय तस्करों को सप्लाई करता था।

# इनामी पशु तस्कर को दिल्ली से दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी पशु तस्कर संतोष पासवान को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से शनिवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ चंदौली में पशु तस्करी व क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एएसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, संतोष दिल्ली के शालीमार बाग इलाके का रहने वाला है। शनिवार को संतोष की लोकेशन शालीमार बाग में मिली। इसके बाद टीम ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया। संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात को आरोपी को दिल्ली पश्चिम से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पशुओं को वाहन से बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल भेजा जाता था। एसटीएफ के मुताबिक, 11 मई 2023 को चन्दौली पुलिस ने पशु तस्करी करते हुए आरोपी के दो साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि संतोष पासवान मौके से फरार हो गया था।

**पहल** | महिला सुरक्षा में यूपी बन रहा मॉडल स्टेट, 'सेफ मोबिलिटी' से बदल रही तस्वीर

# महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज हो रही तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या समेत पांच जिलों में शुरुआत, लखनऊ समेत आठ जिलों में भी सुविधा जल्द

**अमृत विचारः** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। 'सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम' के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और अन्य जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

इस योजना के तहत शुरुआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा। सरकार की यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से जुड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के



लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है। 'सेफ मोबिलिटी' का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी।

महिला सुरक्षा, सम्मानजनक परिवहन और स्वरोजगार इन तीनों मोर्चों पर एक साथ असर डालने वाली यह पहल उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रही है। यही वजह है कि महिला सुरक्षा में यूपी अब मॉडल स्टेट के रूप में अपनी अलग छाप छोड़ता दिख रहा है और ई-रिक्शा महिला पायलटों की यह नई फौज गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी में है।

### तीन लाख रुपये सालाना कमा रहीं महिलाएं

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम ने अब तक प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फ वाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।

# विवेकाधीन कोष से 860 करोड़ की मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची राहत, बिना भेदभाव हो रहा वितरण
- 'जहां जरूरत, वहां सहायता' सिद्धांत पर त्वरित स्वीकृति से मिल रही मदद


**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदेश के जरूरतमंदों के लिए प्रभावी राहत तंत्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस कोष से लगभग 860 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है। इससे 50 हजार से अधिक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिला।

इस योजना की खासियत इसका निष्पक्ष और संवेदनशील क्रियान्वयन रहा। सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के अनुरोधों पर समान रूप से कार्रवाई करते हुए शहरी-ग्रामीण हर क्षेत्र और हर वर्ग तक सहायता पहुंचाई गई। सरकार ने बिना किसी कोटा प्रणाली के 'जहां जरूरत, वहां सहायता' के सिद्धांत पर काम किया, जिससे छोटी जरूरतों से लेकर बड़े मामलों तक मदद दी जा सकी।

विवेकाधीन कोष के तहत 50 हजार रुपये से लेकर 3 करोड़ रुपये से अधिक तक की सहायता स्वीकृत की गई। खासतौर पर गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में त्वरित मदद से कई मामलों में यह व्यवस्था जीवनरक्षक साबित हुई। सरकार ने आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया, जिससे जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सकी। अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जिलों में बड़े मामलों के चलते अधिक सहायता दी गई।

### कैसे मिलती है सहायता

*जनप्रतिनिधि या सीधे सीएम कार्यालय में आवेदन
*मेडिकल रिपोर्ट व आय प्रमाण जैसे दस्तावेज जरूरी
*गंभीर बीमारी, दुर्घटना, संकट में प्राथमिकता
*जरूरत के अनुसार राशि का निर्धारण
*त्वरित जांच के बाद शीघ्र स्वीकृति





# सराफा व्यापारी की पत्नी से पांच लाख से भरा बैग लूटा

## पति संग आभूषण खरीदने स्कूटी से जा रही थी चौक, कार सवार बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम, जेहटा मार्ग इलाके की घटना

संवाददाता, माल

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के जेहटा मार्ग पर रविवार को अर्टिगा कार सवार बदमाशों ने सराफा व्यापारी पति संग स्कूटी से जा रही पत्नी से 5 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। यह घटना उस समय हुई जब दंपति आभूषण खरीदने चौक जा रहे थे। लूट की सूचना मिलते ही एसीपी मलिहाबाद व माल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

काकोरी के कुशमौरा निवासी सुभाष चंद्र मौर्य सराफा व्यापारी हैं। उनकी काकोरी कटरा बाजार में समर ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। रविवार को सुभाष चंद्र मौर्य पत्नी मिथलेश के साथ स्कूटी से ज्वैलरी खरीदने चौक सराफा बाजार जा रहे थे। सुभाष ने बताया कि किसी परिचित से जेहटा में रुपये लेने थे। पत्नी पीछे पांच लाख रुपये से भरा बैग लेकर स्कूटी पर बैठी थी। जेहटा पुल के तीन सौ मीटर पहले पीछे से आए अर्टिगा कार सवार बदमाशों ने गाड़ी बराबर में लगाकर पता पूछने लगे। सुभाष ने स्कूटी की रफ्तार कम की तो बदमाश ने मिथलेश मौर्य से रुपयों से भरा बैग झपट्टा मारकर छीन लिया। उसके बाद बदमाश फर्राटा भरते हुए भाग निकले। पीड़ित दंपति ने शोर मचाते हुए कुछ दूर तक पीछा किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल हो गए। सराफा व्यापारी ने लूट की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। कुछ देर बाद एसीपी मलिहाबाद सुजीत दुबे भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस दंपति से बात कर जानकारी हासिल कर रही है।


लूट का शिकार दंपति।

### बंदूक दिखाकर अधिवक्ता से 50 हजार रुपये व चेन लूटी

■ **अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित इंदिरा नहर के पास बदमाशों ने गन प्वाइंट पर अधिवक्ता से 50 हजार रुपये व चेन लूट ली। विरोध करने पर पीटा। उसके बाद भाग निकले। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शुरुआती जांच में रास्ते के विवाद का मामला लग रहा है। जगमोहनपुरवा गोसाईंगंज के रहने वाले अधिवक्ता अभिषेक यादव शनिवार की शाम मोहनलालगंज से रजिस्ट्री करा कर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। जेल रोड पर इंदिरा नहर के पास पहले से घात लगाकर बैठे छह-सात बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे साइकिल फेंक दी। जिससे वह बाइक सहित गिर गए। जिसके बाद बदमाशों ने तमंचा लगा कर उनके गले से सोने की चेन और 50 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने जब विरोध किया तो बदमाशों ने पिटाई कर दी। जब पीड़ित ने शोर मचाया तो लोग बचाने के लिए दौड़ने लगे। इसपर बदमाश वहां से भाग निकले। पुलिस ने अभिषेक यादव की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मंदिर गई महिला का मंगलसूत्र चोरी

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन करने गई महिला का मंगलसूत्र चोरी हो गया। पीड़िता की तहरीर पर घटना के 13 दिन बाद शनिवार को बीकेटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज ली है। चिनहट स्थित द सिटाडेल अपार्टमेंट निवासी नीरज गुप्ता ने बताया उनकी मां किरन गुप्ता 22 मार्च को चंद्रिका देवी मंदिर कठवारा में दर्शन करने गई थी। दोपहर करीब 12 :30 बजे से 1 :30 बजे के बीच भीड़ के दौरान चोरों ने किरन के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले रही है।

### बैंक अधिकारी बन केवाईसी अपडेट के नाम से ठगे 1.94 लाख

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर एक व्यक्ति से करीब 1.94 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। करीम स्टेट कॉलोनी निवासी सुरेंद्र कुमार अहिरवार ने बताया कि 3 फरवरी 2026 को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने व्यक्ति ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का अधिकारी बताते हुए केवाईसी अपडेट कराने की बात कही। बातों में फंसाकर गोपनीय जानकारी हासिल की। फिर एक लिंक भेजकर कई बार में खाते से 1.94 लाख रुपये गायब कर दिए। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में बेटे की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में 2 अप्रैल को अज्ञात वाहन की टक्कर से प्राइवेट नौकरी करने वाले गुलशन (26) की मौत के मामले में पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। बंथरा के लोनहा निवासी शिवकुमार ने बताया कि उनका बेटा गुलशन 2 अप्रैल की शाम करीब 7 :30 बजे गुलशन बाइक से ड्यूटी से घर लौट रहा था। स्कूटर इंडिया- पिपरसंड रोड होते हुए नवोदय विद्यालय के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और गुलशन की सीएचसी में मौत हो गयी थी।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किराए पर रहने वाली महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। जिसका विरोध परिवार ने किया, तो आरोपियों ने घर में घुसकर महिला, उसके पति और बेटी की पिटाई कर दी। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके घर के सामने स्थित शराब ठेके के पास हेमू नाम का व्यक्ति ठेला लगाता है। करीब एक वर्ष पहले उसने नंबर लेकर फोन कर परेशान करने लगा। महिला ने तंग आकर बीते पांच-छह माह से उसका फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी रास्ते में घूरने और छेड़खानी करने लगा। शनिवार को पीड़िता के पति ने उसकी हरकत देख ली। विरोध पर आरोपी मारपीट करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। कुछ देर बाद आरोपी हेमू अपनी पत्नी प्रेमा, बेटी इंद्राणी, कंचन पत्नी राममिलन व अन्य सहयोगियों संग घर में घुस आया और परिवार पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी से झगड़कर घर में लगाई आग

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** थाना क्षेत्र में शराब के नशे पत्नी से झगड़ने के बाद पति ने घर में आग लगा दी। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। आग से करीब 25 हजार रुपये की गृहस्थी जलकर बर्बाद हो गयी। डेहवा गांव के रहने वाले रजनीकांत शुक्ला शराब पीने के आदी हैं। आए दिन नशे की लत को लेकर दंपति में लड़ाई झगड़ा होता रहता है। रविवार की देर शाम रजनीकांत नशे की हालत के घर पहुंचा और पत्नी से झगड़ने लगा। बात बढ़ने पर रजनीकांत ने घर में आग लगा दी। कुछ देर बाद धुआं और लपटें उठती देख ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों और फायर की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

# बाइक फिसलने से सड़क पर गिरी स्टॉफ नर्स की जान गई

- पति संग कमांड अस्पताल से लौट रही थी
- रहीमाबाद में भतोईया गांव फ्लाईओवर के पास हुई घटना

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** रहीमाबाद स्थित भतोईया गांव के फ्लाईओवर के पास बाइक फिसलने से पीछे बैठी स्टॉफ नर्स सड़क जा गिरी। सिर पर गंभीर चोट लगने से महिला की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वह पति संग कमांड अस्पताल से लौट रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

हरदोई के माधौगंज में रिटायर्ड सैन्यकर्मी रोहित पटेल, बेटी आकांक्षा व बेटे अक्षत के साथ रहते हैं। पत्नी नीतू देवी (42) लखीमपुर के कुंभी सीएचसी पर संविदा स्टॉफ नर्स के पद पर तैनात थी। कई दिनों से पत्नी बीमार चल रही थी। शनिवार शाम वे पत्नी को बाइक से लखनऊ कैंट स्थित कमांड अस्पताल लेकर गए थे। वापस लौटते समय अचानक बारिश शुरू हो गई। जिसके कारण वे सड़क किनारे दुकान में रुक गए। जब बारिश बंद हुई तो वह घर के लिए निकले। रास्ते में जैसे ही भतोईया गांव के फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी सड़क पर पड़ी मिट्टी में बाइक स्लिप कर गई।

बाइक में पीछे बैठी नीतू सड़क पर सिर के बल गिरी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। रोहित ने ग्रामीणों की मदद से पत्नी को मलिहाबाद सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने नीतू की हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान नीतू की मौत हो गई।

### वर्ष 2019 में हुए थे रिटायर्ड

■ रोहित ने बताया कि वे वर्ष 2019 में आर्मी से रिटायर्ड हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भतोईया गांव के फ्लाईओवर पर ट्रकों, डंपरों और ट्रैक्टर से अवैध मिट्टी ढोई जाती है। जिससे सड़क पर मिट्टी गिरती रहती है। शनिवार शाम को बारिश होने पर सड़क पर पड़ी मिट्टी गिली हो गई। जिसके चलते बाइक स्लिप कर गयी। हादसे के बाद से रोहित व बच्चों का बुरा हाल है।


नीतू पटेल

### सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

■ **अमृत विचार, गोसाईंगंज/काकोरी :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के जलसा रिसॉर्ट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गयी। वहीं, दुबग्गा के हरदोई रोड पर दशहरी मोड़ के पास शनिवार देर रात पैदल सड़क पार कर रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रविवार को सुल्तानपुर रोड पर जलसा कट के पास प्रशांत तिवारी (38) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल को पुलिस ने एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने केजीएमयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान प्रशांत की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि प्रशांत ग्राम लाला का पुरवा पोस्ट कुड़वार जिला सुल्तानपुर का रहने वाला था। छानबीन में पता चला कि प्रशांत फरीदाबाद में पिता के साथ काम करता था। वहां से शनिवार को दिल्ली से घर जाने के लिए बस से निकला था। प्रशांत नशे का आदी था। घटना के समय भी वह नशे में था। वहीं, इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि दशहरी मोड़ पर शनिवार देर रात अज्ञात युवक शराब के नशे में पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस घायल को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची। वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि शिनाख्त के लिए फोटो खींचकर आसपास के थानों में भेजी गई है।

### बंद होने के आदेश के बाद भी चल रहा अस्पताल

**अमृत विचार, माल:** डेंगू बताकर बच्चे के इलाज में वसूली करने वाले माल क्षेत्र के जिस अस्पताल को बंद करा दिया गया था, उसका संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक उपचार देने के साथ गंभीर मरीजों की भर्ती भी किए जा रहे हैं। शनिवार को अस्पताल कर्मचारियों से हुई बातचीत में इसका खुलासा हुआ है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा। पीरनगर निवासी अजीत के बेटे अविश को 12 मार्च को बुखार आने पर इटौंजा रोड स्थित मां अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहां जांच में डेंगू और प्लेटलेट्स घटकर 33 हजार होना बताया गया था। बच्चे को प्लेटलेट्स चढ़ाई गईं। परिजन ने वसूली का भी आरोप लगाया था। बाद में बच्चे को सीएचसी भेज दिया गया। वहां जांच में डेंगू की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह की जांच में अस्पताल का पंजीकरण न होना पाया गया। इस पर संचालन पर रोक लगा दी गई। अधीक्षक ने बताया कि संचालक ने अस्पताल बंद करने की बात लिखित में दी थी। यदि बिना पंजीकरण अस्पताल का संचालन हो रहा है तो सोमवार अस्पताल जाकर जांच और कार्रवाई करेंगे।

# हिमाचल से नेपाल ट्रिप पर जा रहे राइडर की तीन लाख की स्पोर्ट्स बाइक चोरी

- फिनिक्स मॉल स्थित बंधन बैंक के सामने से हुई चोरी, कैमरे में दिखा चोर
- केरल के राइडर ने कृष्णानगर कोतवाली में दर्ज करा रिपोर्ट

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** हिमाचल प्रदेश से नेपाल ट्रिप पर जा रहे राइडर की करीब तीन लाख की केटीएम एडवेंचर बाइक कृष्णानगर फिनिक्स मॉल के पास बंधन बैंक के सामने से चोरी हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो एक आरोपी बाइक ले जाते कैद हुआ है। केरल के राइडर ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि मूल रूप से केरल के त्रिवेंद्रम स्थित कान्फिडेंट फिनिक्स निवासी राइडर मार्टिन एग्नेशियस अकसर एक से दूसरे प्रदेश की बाइक रोड ट्रिप करते रहते हैं। वह हिमांचल प्रदेश से नेपाल की ट्रिप पर निकले थे। 29 मार्च की रात वह कृष्णानगर फिनिक्स मॉल के पास पहुंचे। यहां बंधन बैंक के सामने अपनी करीब तीन लाख की केटीएम एडवेंचर बाइक पार्क की। 30 की सुबह नेपाल के लिए निकलना था। सुबह नेपाल रवाना होने के लिए वह बंधन बैंक के पास पहुंचे तो बाइक नदारद थी। काफी तलाश की पर कुछ पता नहीं चला। घटना की जानकारी पुलिस चौकी पर दी। पुलिस ने भी बाइक की खोजबीन की कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद मार्टिन ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी तो एक संदिग्ध कैद हुआ है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।



### कार व स्कूटी चोरी

■ कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र स्थित गीतापल्ली निवासी बबिता राकेश पत्नी राकेश मोहन लाल ने बताया कि 3 अप्रैल की सुबह जब वह सोकर उठीं घर के बाहर से अल्टो कार संख्या (यूपी 32 एएल 9522) गायब थी। सीसीटीवी कैमरे में एक चोर उनकी कार चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया है। वहीं, सरोजनीनगर निवासी शशि भूषण सिंह ने बताया कि उनकी बेटी शुभ्रा सिंह 23 मार्च को स्कूटी (यूपी 32 एफडी 1602) से आशियाना स्थित एमराल्ड मॉल गई थीं। मॉल के बाहर स्कूटी खड़ी कर वह चली गयी। वापस लौटी तो स्कूटी गायब थी।

# ऑनलाइन सुविधा देने में 275 सीएससी निष्क्रिय

- संबंधित सचिव और पंचायत सहायक को चेतावनी
- एक सप्ताह में संचालन न किया तो रुकेगा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों में खोले गए कॉमन सर्विस सेंटर (सीएचसी) ग्रामीणों को ऑनलाइन सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं। जिले में 275 कॉमन सर्विस सेंटर निष्क्रिय मिले हैं। जहां एक वर्ष से किसी तरह का कार्य नहीं किया गया है। पंचायत सहायकों ने एक सप्ताह में केंद्र सक्रिय न किए तो उनका मानदेय रोक दिया जाएगा। संबंधित सचिव भी जिम्मेदार होंगे।

शहर की तरह ग्रामीण इलाकों में ऑनलाइन सुविधा देने के लिए पंचायत भवनों पर 491 कॉमन सर्विस सेंटर संचालित किए गए हैं। यहां, आय, जाति, निवास, पेंशन, सम्माननिधि आदि के ऑनलाइन आवेदन के साथ खसरा-खतौनी की नकल समेत 200 से अधिक सेवाएं मिलती हैं ताकि ग्रामीणों को जिला व ब्लॉक मुख्यालय न जाना पड़े। पंचायती राज मुख्यालय स्तर से कार्यों की समीक्षा हुई तो 275 कॉमन सर्विस सेंटर एक वर्ष से निष्क्रिय पाए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने संबंधित पंचायत सहायक को एक सप्ताह में केंद्र संचालित करके प्रमाण पत्र मांगा है। अप्रैल माह का मानदेय रोकने की चेतावनी दी है।

### घाघरा-बुढ़वल के मध्य तीसरी लाइन का कार्य पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे में आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। लखनऊ मंडल के अंतर्गत बुढ़वल-गोंडा तीसरी लाइन परियोजना में घाघरा घाट-बुढ़वल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। इस नव निर्मित लाइन का निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल द्वारा 6 अप्रैल को किया जाएगा, जिसके साथ ही स्पीड ट्रायल भी आयोजित होगा। रेल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निरीक्षण और ट्रायल के दौरान कोई भी व्यक्ति या पशु इस रेलखंड पर न जाए, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और कार्य सुचारू रूप से हो।

**बाजार** | पेट्रोलियम पदार्थों के बाद खाद्य तेलों पर पड़ रहा ईरान-अमेरिका युद्ध का असर

# दूसरे देशों में माल फंसा तो महंगा हो गया रिफाइंड

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईरान, इजराइल युद्ध का असर खाद्य तेल पर दिखने लगा है। बाहर से आने वाले रिफाइंड ऑयल की आपूर्ति दूसरे देशों में फंस जाने से बाजार में रिफाइंड ऑयल की आमद कम हो गई है। इससे रिफाइंड ऑयल में निरंतर तेजी बनी हुई है। हफ्तेभर पहले 750 मिली. का जो रिफाइंड पैकेट 130 रुपये तक बिक रहा था अब उसकी कीमत बढ़कर 150 रुपये हो गई है। करीब 20 रुपये प्रति पाउच की बढ़ोत्तरी महज एक सप्ताह के भीतर हुई है। खपत बढ़ने से सरसों के तेल के भाव में भी 10 से 15 रुपये लीटर की तेजी आई है। थोक भाव में आई इस तेजी से फुटकर बाजार में भी खाद्य तेलों में बड़ा अंतर दिख रहा है।

इस संबंध में सुभाष मार्ग सिटी स्टेशन के कारोबारी संजय सिंघल ने बताया कि बाहर से आने वाला माल फंसा हुआ है। आपूर्ति सामान्य नहीं है। इससे रिफाइंड ऑयल गर्म है। भाव तेजी से चढ़ रहा है। बाहर से आने वाले इस खाद्य तेल की कीमतों में महज हफ्ते-दस दिन के भीतर 20 रुपये की तेजी आई है। वहीं खपत बढ़ने पर सरसों का तेल भी महंगा हुआ है।

इस संबंध में डालीगंज के थोक कारोबारी अजय अग्रवाल ने बताया कि विदेशों से रिफाइंड आता है। ईरान युद्ध की वजह से माल की आपूर्ति समय से नहीं है। खपत ज्यादा और माल कम होने से इसकी कीमतों में तेज उछाल है। दरें लगातार बढ़ रही हैं। रिफाइंड कम होने से देशी तेल सरसों की कीमतें भी चढ़ रही हैं। 15 रुपये लीटर सरसों के तेल के पाउच में वृद्धि हुई है।



| खाद्य तेल | हफ्तेभर पहले | आज का भाव |
|---|---|---|
| रिफाइंड ऑयल (750 एमएल) | 130 रु0 | 150 रु0 |
| रिफाइंड ऑयल (एक लीटर) | 165 रु0 | 185 रु0 |
| सरसों का तेल (एक लीटर) | 160 रु0 | 175 रु0 |

**थोक भाव**

| | |
|---|---|
| रिफाइंड ऑयल | 2880 रु0 (16 पाउच की पेटी) |
| सरसों का तेल | 1700 रु0 (10 पाउच की पेटी) |




## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में मजदूर की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र स्थित अमौसी के पास 1 अप्रैल को बाइक की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर रामू धीमान (55) की मौत के मामले में पत्नी रज्जो ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला को पीटा 14 पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र के सरकपुर सरैया गांव में फलदार आडू का पेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने गीता रावत को बेरहमी से पीटा। पिटाई के दौरान महिला का मंगलसूत्र भी गिरकर गुम हो गया। धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुड़िया, पंकज, सुरेश, पप्पी, भगवान, नीलम, रामानंद, सर्वेश, विष्णु, खुशबू देवी, फूल कुमारी, आंचल, पिंटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बीकेटी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी से यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शादी का झांसा देकर किशोरी से यौन शोषण और लाखों रुपये ऐंठने वाले आरोपी को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शंकर कश्यप उर्फ नितिन कश्यप बर्फखाना राधाग्राम ठाकुरगंज का रहने वाला है। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी किशोरी ने 4 अप्रैल को थाने में तहरीर दी। बताया कि करीब चार वर्ष शंकर ने उसे प्रेम जाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर आरोपी यौन शोषण करता रहा। इस दौरान आरोपी ने जरूरतें बताकर कई बार में लाखों रुपये भी लिए। हाल ही में किशोरी ने शादी की बात कही तो आरोपी ने इंकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दुष्कर्म, धोखाधड़ी, धमकी व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के दो मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिगवां निवासी आरती की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व अंकित कुमार निवासी ग्राम शिवपुरी मलिहाबाद से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। महिगवां पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, माल के ग्राम मुंशीखेड़ा निवासी पीड़िता की शादी करीब तीन वर्ष पहले अनिल कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुरालवाले कार और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि 8 दिसंबर 2025 को उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की गई। 10 दिसंबर को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका दहेज का सामान जला दिया। पीड़िता ने महिला थाना द्वितीय में पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### राज्यपाल से मिला यूपी रोइंग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ने एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा के नेतृत्व में जनभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। पहुंचे इस दल ने प्रदेश में रोइंग (नौकायन) की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। सचिव शर्मा ने बताया कि गोरखपुर के रामगढ़ ताल में 20वें एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला रोइंग टीम का 51 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश एसोसिएशन की ओर से भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत अस्मिता (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन थ्रू एक्शन) पहल पर कार्य कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इस खेल से जोड़ा जा सके। राज्यपाल ने इस पहल की प्रशंसा की।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर चार वाहनों की टक्कर

**अमृत विचार, सुलतानपुर :** सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया, जब चार वाहन आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि सभी लोग बाल-बाल बच गए और कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। यह दुर्घटना दोपहर करीब 1:35 बजे किमी संख्या 123 .8 पर हुई।

# दुबई में रची गई आतंक से दहलाने की साजिश

## लखनऊ में पकड़े गए चार आतंकियों से पूछताछ में खुलासा, पाकिस्तान के सीधे संपर्क में थे, जांच तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मेरठ के आकिब ने कराया था भाई साकिब उर्फ डेविल का पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क
- पाकिस्तानी हैंडलर्स के ज्यादातर नंबर व आईपी एड्रेस अफगानिस्तान के मिले



**अमृत विचार:** देश में आतंकी घटनाओं से दहलाने की साजिश दुबई में रची गई थी। पाकिस्तान के आतंकी संगठन का हैंडलर आकिब मेरठ का रहने वाला है। उसने ही अपने भाई साकिब उर्फ डेविल का संपर्क पाकिस्तानी हैंडलर्स से कराया। इसके बाद साकिब ने गिरोह तैयार किया। एटीएस और जांच एजेंसियों को आशंका है कि आकिब ने देश के कई इलाकों में ऐसे गिरोह तैयार किये हैं। जो पाकिस्तान के सीधे संपर्क में हैं। इसकी जांच तेज हो गई।

यूपी एटीएस ने गुरुवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से चार आतंकियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया। शनिवार को एटीएस कोर्ट ने आरोपियों की पांच दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर की। इसके बाद एटीएस की टीम ने पूछताछ शुरू किया। सामने आया कि पाकिस्तान से ऑफर मिला कि दहशत फैलाओ, जितनी दहशत फैलेगी उनता पैसा मिलेगा। एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश के मुताबिक, जांच में सामने आया कि चारों पाकिस्तान के अबु बकर को दो तरीके से संपर्क करते थे। एक कॉलिंग के लिए सिग्नल एप का प्रयोग करते और दूसरा डाक्यूमेंट, वीडियो फाइल भेजने के लिए इंस्टाग्राम का प्रयोग करते थे। पकड़े न जाएं और किसी को संदेह न हो इसके लिए विशेष ख्याल रखते थे। आरोपी वीपीएन का प्रयोग करते थे। इसके कारण आईपी एड्रेस ट्रैस करने पर ज्यादा नंबर अफगानिस्तान के लोकेशन के मिले हैं।

एटीएस के अनुसार 4 मार्च को बिजनौर में निमिश रस्तोगी के पिकअप वाहन में आग लगा दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 12 मार्च को अबुजर और जैद को गिरफ्तार किया था। आर्थिक तंगी से परेशान अबुजर ने चचेरे भाई मोहम्मद जैद से मदद मांगी। जैद ने उसे टेलीग्राम पर अबू बकर के साथ संपर्क कराया। अबू बकर के निर्देश पर दोनों हिंदुओं की गाड़ियों में आग लगाने लगे। जिसकी वीडियो टेलीग्राम के जरिये अबू बकर को भेजी। इसके बदले में रकम खाते में ट्रांसफर की गई। जैद टेलीग्राम के 12 ग्रुपों से जुड़ा है।

### यूट्यूब पर सीखा केमिकल बम बनाना

शुरूआती जांच में सामने में आया कि आरोपियों ने केमिकल बम बनाने की जानकारी यूट्यूब पर सीखी है। जांच में साकिब और अरबाब के मोबाइल में यूट्यूब के सर्च में काफी कुछ साक्ष्य मिले हैं। इसमें टाइम बम बनाने, केमिकल बम बनाने और सटीक निशाना लगाने की तकनीकी जानकारी के सर्च करने की पुष्टि हुई है। आरोपियों ने कई वीडियो भी देखे हैं। कुछ लिंक व वीडियो अबु बकर ने भी भेजे हैं। जिससे बम बनाने की विधि सीखी है। चारों आतंकियों ने पिकअप और बाइक में आग लगाकर अभ्यास किया था। इसके कई वीडियो पाकिस्तानी हैंडलर अबू बकर को भेजा था। अबू बकर ने आगजनी के हर वीडियो के बदले में 12 हजार खाते में भेजे थे।

### पाकिस्तान को भेजे सैन्य ठिकानों के वीडियो

अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में कुबूल किया है कि प्रदेश के कई सैन्य ठिकानों की जानकारी जुटा ली थी। लखनऊ के कैंटोंमेंट की वीडियो तैयार की थी, जिसे पाकिस्तान भेजा था। इसके अलावा प्रदेश का एक बड़ा हिंदू नेता भी इनके निशाने पर था। जिसके बारे में काफी कुछ जानकारी पाकिस्तान के हैंडलर्स के साथ शेयर की गई हैं।

### आकिब की है एके-47, जुटाई जा रही जानकारी

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, मामला काफी संवेदनशील है। पकड़े गये सभी 19 से 27 वर्ष के युवक हैं। सभी गूगल सर्च के मास्टर हैं। काफी तेज गति से गूगल पर अपनी जरूरत की जानकारी जुटा लेते हैं। चारों में साकिब सरगना है। वही सभी को निर्देश देता है। उसे दुबई में बैठा भाई आकिब लगातार मदद करता है। साकिब ने एटीएस की पूछताछ में बताया कि एके-47 के साथ जो तस्वीर है। वह दुबई में रह रहे उसके भाई आकिब की है। आकिब की भी तस्वीरें एके-47 के साथ साकिब के मोबाइल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिली हैं। एटीएस जानकारी जुटा रही है कि आकिब के पास एके-47 कहां से आई। किसने उपलब्ध कराई है।

# आईएसआईएस आतंकी को कुशीनगर से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिल्ली पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस व यूपी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई
- कुशीनगर में रहकर सोशल मीडिया के जरिये तैयार कर रहा था नेटवर्क

**अमृत विचार:** दिल्ली पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस व यूपी के कुशीनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को एक आतंकी को गिरफ्तार किया। उसका सीधा कनेक्शन आईएसआईएस से मिला है। रविवार को गिरफ्तार आतंकी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जहां एक दिन की रिमांड मंजूर हुई है। आतंकी से दिल्ली पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

शुरूआती जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आतंकी रिजवान है। वह भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने के लिए काम कर रहा था। वह कुशीनगर में बम बनाने का सामान जुटा रहा था। रिजवान आईएसआईएस के लिए युवकों को भर्ती कर रहा था। जांच में सामने आया कि आतंकी के निशाने पर भारत के कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल थे। इतना ही नहीं उसे बम बनाने का पूरा तरीका सीरिया से वीडियो कॉल पर लिखवाया गया था।

### 2015 से आईएसआईएस से जुड़ा है रिजवान

जांच में सामने आया कि रिजवान 2015 से आईएसआईएस से जुड़ा है। भारत में इस संगठन के लिए लोगों की भर्ती का काम कर रहा था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, रिजवान अहमद के पास से बम बनाने से जुड़ा सामान, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और बड़ी मात्रा में जेहादी साहित्य बरामद किया गया है। वह सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए लोगों का ब्रेनवॉश कर उन्हें आतंकी गतिविधियों के लिए प्रेरित करता था। रिजवान अहमद पहले भी आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है और वर्ष 2015 में आर्थर रोड जेल में बंद रह चुका है।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, नाती घायल

संवाददाता, सुलतानपुर

- बाइक में कार ने सामने से मारी टक्कर




**अमृत विचार:** हलियापुर बेलवाई मार्ग पर रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई वही युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। बनरहा गोदाम के पास तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार लाया गया, जहां डॉ. प्रयेश दीक्षित ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक देखते हुए दोनों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मीरपुर सरैया निवासी उदयराज (60) और उनके नाती अभिषेक पांडेय (24) के रूप में हुई। इलाज के दौरान उदयराज की मौत हो गई, जबकि अभिषेक का पैर फ्रैक्चर होने से वह अस्पताल में भर्ती है।

परिजनों के अनुसार दोनों कूरेभार बाजार जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर है। कूरेभार थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत


हिमांशू वर्मा

**अमृत विचार, सुलतानपुर :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। साटा रामापुर निवासी 22 वर्षीय हिमांशू वर्मा, जो ट्रैक्टर से गेहूं मड़ाई का कार्य करते थे, शनिवार रात हादसे का शिकार हो गए। हिमांशू रात करीब 9 बजे गांव के एक मजदूर को छोड़कर वापस लौट रहे थे। तभी पुरषोत्तमपुर सैती के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तुरंत उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। रविवार दोपहर इलाज के दौरान हिमांशू ने दम तोड़ दिया भारी निरीक्षक जयसिंहपुर ने बताया कि सूचना मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 11 घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

संवाददाता, लहरपुर-सीतापुर


आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीरकपुर मजरा खपूरा में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई। इस हादसे में 11 ग्रामीणों के आशियाने जलकर राख हो गए। आग इतनी विकराल थी कि घरों में रखा अनाज, नकदी, जेवर और गृहस्थी का सारा सामान खाक हो गया।

सायंकाल ग्रामीण बराती के छप्पर में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन प्रभारी सुरेंद्र अवस्थी की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नायब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। तत्काल राहत के रूप में प्रभावित परिवारों को भोजन, तिरपाल और कंबल वितरित किए गए हैं।

**इनका हुआ नुकसान:** अग्निकांड में सुंदरलाल की साइकिल व 45 हजार की नकदी, सतीश के जेवर व अनाज, तीरथ के 3 हजार रुपये सहित मिश्रीलाल, संतोष, संभारी, खुशीराम, रामसागर, देशराज और जोखरानी के छप्पर व गृहस्थी का सामान जल गया।

### अव्यवस्था का जाम



आलमबाग सब्जी मंडी के बाहर मनमाने तरीके से लगने वाली अवैध दुकानें सड़क पर जाम का बन रही कारण। ● अमृत विचार

# घरेलू कलह में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, हरदोई

- आरओ प्लांट की नौकरी छोड़ अपनाया था धर्माचरण का रास्ता

**अमृत विचार:** बाइक एजेंसी, उसके बाद आरओ प्लांट की नौकरी छोड़कर धर्माचरण का रास्ता अपनाने वाले युवक ने शनिवार को अपने घर के कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। शोर सुनकर वहां आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना के पीछे घरेलू कलह होने की बात सामने आ रही है।

बताया गया कि पिहानी कस्बे के मोहल्ला मिश्राना ब्लाक मुख्यालय रोड निवासी 22 वर्षीय लक्ष्मण अर्कवंशी पुत्र भइया लाल अर्कवंशी पहले बाइक एजेंसी पर नौकरी करता था। वहां के बाद आरओ प्लांट में नौकरी करने लगा लेकिन कुछ महीने पहले वहां की नौकरी छोड़कर धर्माचरण के रास्ते पर चल रहा था। बताते हैं कि शनिवार की दोपहर उसने अपने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव लटकता देख उसके घर में कोहराम मच गया। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। सूचना पर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को निकाला और पूछताछ शुरू की। हालांकि घर वालों ने साफतौर पर कुछ नहीं बताया लेकिन पड़ोसियों से घरेलू कलह होने की बात बतायी।

### पंजाब से ब्याह कर आई पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत, पति बोला-आत्महत्या की

**अमृत विचार, हरदोई :** मजदूरी करने पंजाब पहुंचे युवक ने वहीं की एक युवती से शादी कर उसे विदा करा कर अपने घर ले आया जहां शनिवार को उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पति का कहना है कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। जब वह खेत से घर पहुंचा तो कमरे के अंदर उसका शव लटका हुआ देखा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहना उचित होगा। बताया गया है कि सुरसा थाने के खुद्दी गांव निवासी रामेंद्र करीब 15 साल पहले मजदूरी करने पंजाब गया हुआ था वहां रहते हुए गीता नाम की युवती से उसकी मुलाकात हुई। गीता के आगे-पीछे कोई नहीं था। रामेंद्र ने गीता से उसे अपनाने की बात कही। बकौल रामेंद्र गीता राजी हो गई और दोनों ने वहीं शादी कर ली। उसके बाद गांव में रहने लगे। उसके दो बेटी और एक बेटा है। रामेंद्र ने बताया कि शनिवार की सुबह पत्नी और बच्चों को छोड़कर खेत पर चला गया था। दोपहर बाद लौटा तो गीता का शव कमरे के अंदर फांसी पर लटका हुआ देखा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़ आए। गीता की मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। जबकि रामेंद्र का कहना है कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहना सही होगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता को दी धमकी, रिपोर्ट

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता को किसानों की समस्याओं को उठाना महंगा पड़ गया। सैरपुर थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा उन्हें धमकाने का मामला सामने आया है। इटौंजा के ग्राम मरपा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 अप्रैल को वह नैमिष नगर योजना के अंतर्गत आयोजित जन चौपाल में शामिल हुए थे। यहां किसानों की समस्याओं को लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में एलडीए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। आरोप है कि ज्ञापन देने से नाराज राजेंद्र गुप्ता, उनके बेटे अंकित और अन्य साथियों ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# ई-रिक्शा की टक्कर से सरिया पेट में घुसी, मौत

संवाददाता, रामपुर-मथुरा

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से उस पर लदी लोहे की सरिया युवक के पेट में आर-पार हो गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के बांसुरा गांव निवासी साबिर अली उर्फ पोले (40) पुत्र कल्लू दोपहर खेत से गेहूं लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के अंदर तीरथ अस्पताल के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा पर लोहे की सरिया लदी थी जो बाहर की ओर निकली हुई थी। टक्कर लगते ही सरिया सबीर के पैर को चीरते हुए पेट में जा घुसी। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीण आनन-फानन में घायल को सीएचसी महमूदाबाद ले गए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। हालांकि, लखनऊ पहुंचने से पहले ही साबिर की मौत हो गई।

## दीवार गिरी, 7 लोग मलबे में दबे

**अमृत विचार, हरदोई:** जिले में आंधी-बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब एक मकान की दूसरी मंज़िल की दीवार गिरने से एक ही परिवार के सात लोग मलबे में दब गए। कोतवाली देहात क्षेत्र के मुहुईपुरी गांव निवासी राजेश अपने परिवार के साथ शनिवार रात घर में सो रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। अचानक मकान की दूसरी मंज़िल की पक्की दीवार ऊपर रखे छप्पर सहित भरभरा कर गिर पड़ी, जिससे वहां सो रहे राजेश, उनकी पत्नी संगीता, बेटे मिथिलेश, रितेश, विमलेश, मिथिलेश की पुत्री सौम्या और भतीजा छोटे भइया मलबे में दब गए। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर सभी घायलों को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

# लोहिया विधि विवि के स्वीमिंग पूल में डूबकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप
- भाई और तीन दोस्तों संग नहाने गया था युवक

**अमृत विचार:** आशियाना स्थित राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के स्वीमिंग पूल में रविवार रात डूबने से कुशाग्र भूषण (18) की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वह भाई और साथियों के साथ पूल में नहा रहा था। भाई की सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस ने शव को बाहर निकाला। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि कुशाग्र कृष्णानगर इलाके के रहने वाला था। रविवार रात करीब आठ बजे वह अपने भाई प्रणव और तीन साथियों के साथ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के स्वीमिंग पूल में नहाने गया था। सभी लोग पूल में नहा रहे थे। काफी देर तक जब कुशाग्र नहीं दिखा तो साथियों और उनके भाई ने खोजबीन की। खोजबीन के दौरान देखा कि वह पीछे गहराई में पड़ा है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्वीमिंग पूल से निकलवाया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि कुशाग्र के परिजन ने अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि स्वीमिंग विश्वविद्यालय के परिसर में है, लेकिन प्रबंधन ने उसे किराए पर दे रखा है। वहीं, कुशाग्र के परिवारवालों ने स्वीमिंग पूल को किराए पर चला रहे लोगों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घरवालों का कहना है कि घटना के समय पूल में संचालन के लिए लगने वाले गार्ड नहीं थे। न ही वहां अन्य तरीके से बचाव के कोई इंतजाम थे।

## सेमीफाइनल में पहुंची लविवि की रग्बी टीम

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय की रग्बी टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरूष, महिला चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। ओडिसा के कलिंगा यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में 2 से 6 अप्रैल तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष, महिला चैंपियनशिप आयोजित हो रही है। विश्वविद्यालय की टीम ने क्वार्टर फाइनल में पिछले साल की गोल्ड मेडलिस्ट रही लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को हराया है। टीम के साथ गए टीम मैनेजर अमित कुमार डे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बधाई दी ।

# बंगाल हार रहीं ममता : करन भूषण

संवाददाता, गोंडा

- हार के डर से सरकार व चुनाव आयोग पर लगा रहीं बेबुनियाद आरोप
- भाजपा सांसद ने विधायक पल्लवी पटेल पर साधा निशाना बोले-यूजीसी के नाम पर बंद होनी चाहिए राजनीति


करन भूषण सिंह भाजपा सांसद।

**अमृत विचार :** कैसरगंज से भाजपा सांसद करन भूषण सिंह ने पश्चिम बंगाल की राजनीति, ईरान-इजरायल तनाव, यूजीसी विवाद और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत तय है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हार के डर से सरकार व चुनाव आयोग पर बेबुनियाद आरोप लगा रही हैं।

सांसद करन भूषण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चेहरे पर हार का दर्द साफ दिखाई दे रहा है, इसलिए वह जनता का ध्यान भटकाने के लिए चुनाव आयोग और सरकार पर निराधार आरोप लगा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। ईरान-इजरायल युद्ध को लेकर बाबा रामदेव द्वारा ईरान के समर्थन वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि वह बड़े बाबा हैं, लेकिन यह पूरी दुनिया के लिए बड़ा संकट है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय मुद्दों का समाधान सभी देशों को बातचीत के जरिए निकालना चाहिए। यूजीसी मुद्दे पर विधायक पल्लवी पटेल द्वारा इसे पिछड़ों और लुटेरों के बीच की लड़ाई बताए जाने पर सांसद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी मामले पर रोक लगा दी है, इसलिए राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर अपनी रोटियां सेंकना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में सभी समाज के लोग साथ रहते हैं, ऐसे में जातियों में बांटने की राजनीति बंद होनी चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

### चाय बागान के श्रमिकों ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से असम के डिब्रूगढ़ के मनोहरी चाय बागान के 30 श्रमिकों का पहला दल अयोध्या पहुंचा, जिसमें 25 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल रहे। सुबह करीब 6 बजे कारसेवक पुरम में ट्रस्ट पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और फिर हनुमानगढ़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर, दशरथ महल, कनक भवन और राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया। श्रमिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि असम दौरे के दौरान प्रधानमंत्री उनके चाय बागान पहुंचे थे, तब उन्होंने पूछा था कि क्या उन्होंने कभी काशी और अयोध्या का दर्शन किया है। जब जवाब 'नहीं' में मिला, तो प्रधानमंत्री ने उन्हें दर्शन के लिए प्रेरित किया।

### घरवालों से विवाद के बाद युवक ने दी जान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने शव उतार कर पुलिस को सूचित किए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। बरावां गांव निवासी मयंक (20) की रविवार सुबह घर के लोगों से कहासुनी हो गई थी। थोड़ी देर बाद लगभग ग्यारह बजे मां जब उसके कमरे में गई तो उसकी चीख निकल गई। मां ने बेटे को छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। मां की चीख पुकार सुनकर घर व मोहल्ले के लोग दौड़ पड़े। परिवार के लोगों ने शव को नीचे उतारा तो पाया कि युवक की मौत हो चुकी थी।

### पूर्व मंत्री मो. वसीम खान का निधन

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री मोहम्मद वसीम खान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भोजपुर तालुकदार निवासी वसीम खान अपनी शालीनता और जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और लखनऊ में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वसीम खान वर्ष 2006 में मुलायम सिंह यादव सरकार में महिला श्रम राज्यमंत्री रहे। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव में अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# बुजुर्ग की बैट व स्टंप से पीटकर हत्या, दो घायल

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के पिपरा याकूब बभनी गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां मनबढ़ों ने एक बुजुर्ग की बैट और स्टंप से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक और युवती को भी हमलावरों ने घायल कर दिया। घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है।

गांव निवासी सलीम के अनुसार उनकी मां सिंचाई के लिए दुल्ला के घर से पाइप मांग लाई थीं। पाइप को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जिस पर 60 वर्षीय निजामुद्दीन बीच-बचाव के लिए पहुंचे। इसी दौरान गांव के अकरम, सलमान, साजिद खान, फरहान, उस्मान, सादिक खान समेत अन्य लोग बैट और स्टंप लेकर पहुंच गए और निजामुद्दीन पर हमला कर दिया। गंभीर चोटों के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई।


हमले में भतीजी अजीजुन्निशा और भतीजा जुबेर भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 134 रुपये के बकाए पर काटी बिजली, दिल थाम के बैठा उपभोक्ता


हाल-ए-प्रीपेड मीटर

- बैलेंस चुकता फिर भी नहीं बहाल हुई सप्लाई, कर्मी बोले 100 रुपए एक्स्ट्रा डालो, तब होगी चालू
- प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा संकट

अयोध्या कार्यालय



उपभोक्ता के मोबाइल पर आया मैसेज।



रिचार्ज के बाद बैलेंस दिखाता मैसेज।

**अमृत विचार :** पावर कॉर्पोरेशन के प्री-पेड मीटर अब आम बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संकट बनते जा रहे हैं। हद यह है कि मात्र मामूली बकाए पर ही उपभोक्ताओं की बिजली कट जा रही है। इससे अनजान उपभोक्ता जब स्थानीय विद्युत उप केन्द्र की शरण ले रहे हैं तो बकाए के साथ अतिरिक्त धनराशि डालने पर ही सप्लाई चालू हो रही है।

ऐसा ही एक मामला कुर्मी टोला, जमथरा रोड इलाके में सामने आया है। यहां एक उपभोक्ता के घर की बिजली इसलिए कट गई कि उसके ऊपर मात्र 134 रुपये बकाया था, पहले तो उपभोक्ता ने सोचा वैसे ही सप्लाई गई होगी, 134 कौन बड़ा बकाया है। जब देर तक नहीं आई तब नियावां उप केन्द्र पर संपर्क किया। पता चला रिचार्ज करो और अतिरिक्त धनराशि भी दो तब सप्लाई आयेगी। सुधा श्रीवास्तव पत्नी संजय श्रीवास्तव ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उन्होंने रिचार्ज कर लिया, बैलेंस भी दिख रहा था, लेकिन घर की बत्ती गुल ही रही। दिल थामकर अंधेरे में बैठे रहे, लेकिन सप्लाई नहीं आई। जब कर्मचारियों से शिकायत की तो जवाब मिला 100 रुपये एक्स्ट्रा डाल दो, तब चालू होगी। 100 रुपये अतिरिक्त देने पर बिजली चालू हुई।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता रोजाना ऐसी शिकायतें कर रहे हैं। रिचार्ज करने के बावजूद बैलेंस अपडेट नहीं होता नेगेटिव बैलेंस हो जाता है और बिजली अपने आप कट जाती है। कई जगहों पर रिचार्ज के घंटों बाद भी कनेक्शन नहीं जुड़ता। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कर्मचारी छोटी-मोटी रकम एक्स्ट्रा मांगकर ही सप्लाई चालू करते हैं।

इतना ही नहीं प्रीपेड मीटरों के साथ चेक मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। एक्सईएन कॉमर्शियल पंकज तिवारी ने बताया कि कि जिले में अब तक 74,404 चेक मीटर लगाए गए हैं। 23 हजार चेक मीटर तो केवल शहर में लगे हैं। विभाग की ओर से केवल पांच फीसदी चेक मीटर लगाने का लक्ष्य था, लेकिन यहां पर 23 फीसदी लगाए गए। किसी भी चेक मीटर में यह नहीं पकड़ा गया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बिल अधिक आता है।

# 500 की गड्डियों से खेलते दिखे डॉ. अफजाल व शैफी

## अमृतसर के एक वृद्ध का भी वीडियो आया, उसने किडनी के लिए दिए थे 43 लाख रुपये, पुलिस को आठ वीडियो मिले

किडनी कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किडनी कांड के आरोपी डॉ. अफजाल अपने चालक परवेज शैफी के साथ एक वीडियो में दिखाए दिए। यह वीडियो किसी होटल का है। दोनों बिस्तर पर लेटकर 500-500 के नोटों की गड्डी (करीब 20 लाख रुपये) से खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस को आरोपियों का यह वीडियो उनके मोबाइल फोन से मिले हैं। पुलिस को कुल आठ वीडियो मिले हैं, जिसमें दो वीडियोएंबुलेंस चालक शिवम अग्रवाल के हैं, दो किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों समेत एक किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर ठगे गए अमृतसर के बुजुर्ग का है।

टेलीग्राम ग्रुप में 643 लोगों को जोड़कर अवैध ढंग से किडनी की खरीद-बिक्री व ट्रांसप्लांट के मामले में शामिल रहे डॉ. अफजाल और उसके चालक परवेज शैफी का पुलिस को एक वीडियो मिला है।

जिसमें दोनों बिस्तर पर लेटे व करीब 20 लाख रुपयों के साथ खेलते दिख रहे हैं। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से यह वीडियो मिले हैं। एक वीडियों अमृतसर के बुजुर्ग का है। आरोप है कि उनसे आहूजा अस्पताल के संचालकों ने 43 लाख रुपये हड़प लिए।

किडनी ट्रांसप्लांट के लिए किडनी बेचने वाले आयुष व खरीदने वाली पारुल, अफजाल को चालक परवेज शैफी चार बार शहर ला चुका है। अफजाल का बहुत करीबी बताया जाता है शैफी। वह लोगों को फंसाता था और उनसे किडनी खरीदकर एक से डेढ़ करोड़ में बेचता था। डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका से अविका आखिर कैसे यहां आई, इसकी जांच के लिए पुलिस की एक टीम दिल्ली भेजी जाएगी। जो दिल्ली जाकर दूतावास में पता करेगी कि आखिर अविका यहां क्यों आई थी। वह टूरिस्ट वीजा पर आई थी या इलाज के लिए। उसके परिजनों से संपर्क किया जाएगा।


नोटों से खेलते डॉ. अफजाल व शैफी।

### नरेंद्र के साझेदार संचालक घेरे में

- किडनी कांड में जेल भेजे गए प्रिया हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के संचालक नरेंद्र सिंह उर्फ नंदू के न्यू लाइफ बेबी केयर हॉस्पिटल के साझेदार भी पुलिस के रडार पर हैं। अस्पताल का किराएदारी समझौता और पंजीकरण के लिए आवेदन भी नंदू के नाम पर बताया जा रहा है। संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के चलते पुलिस ने उसके एक साझेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस की जांच में पता चला कि आवास विकास स्थित न्यू लाइफ बेबी केयर हॉस्पिटल में भी नंदू साझेदार है। नंदू के नाम पर न सिर्फ अस्पताल की इमारत की किराएदारी समझौता हुआ बल्कि, उसने जून 2025 में अस्पताल के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कराया था।

### किडनी दिलाने का बुजुर्ग को दिया था झांसा

- किडनीकांड की जड़े पंजाब तक पहुंच गई हैं। रविवार को पंजाब से शहर आए किडनी रोगी ने आहूजा अस्पताल संचालक पर किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर 43 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने अस्पताल के सामने खड़े होकर वीडियो बनाते हुए कहा कि अगर उनकी मौत होती है तो यही लोग दोषी होंगे। 43 लाख रुपये हड़पने के बाद अब उनका जिंदा रहना मुश्किल है। किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर उन्होंने कई लोगों से उधार रुपये लिए थे।

### आयुष व अली की चैट से मिले अहम साक्ष्य

किडनी कांड में फरार अली की भी आयुष से चैट मिली है। अली ने उसके दस्तावेज देखने के बाद पूछा है कि तुम तो देहरादून से बोल रहे थे। उसने लिखा कि मूलनिवासी बिहार का हूं। इसके बाद अली ने ओके कहा तो आयुष ने लिखा कि भाई टाइम पर हो जाएगा। अप्रैल के आखिरी में पेपर हैं। बस देख लेना आप। इस पर अली ने लिखा कि पेपर मिस होगा। इस पर आयुष ने पूछा कब का प्लान है करवाने का। इस पर उसने कहा कि इस माह के अंत में। एक अन्य चैट के अनुसार रात करीब साढ़े दस बजे आयुष ने जब कॉल किया तो डॉ. अफजल का फोन नहीं उठा। इसके बाद आयुष ने मैसेज किए। डॉ. अफजल जवाब नहीं दे रहा था। थोड़ी देर बाद जब आयुष ने व्हाट्सएप कॉलिंग की तो डॉ. अफजल ने तत्काल कॉल रिसीव कर ली। आयुष ने यह मैसेज भी हैं। हाय, भईया न हो रहा हो तो छोड़ देते हैं न। मेरा टाइम भी वेस्ट हो रहा है। आपकी या वैभव सर की गलती नहीं है, किस्मत की है। सात से दस दिनों के लिए आया था, 12 दिन हो गए और अभी ऑपरेशन तक नहीं हुआ है।

**आरोपियों के कस्टडी रिमांड का आज होगा आवेदन :** अवैध किडनी ट्रांसप्लांट में पकड़े गए डॉक्टर दंपती समेत सभी आरोपियों की कस्टडी रिमांड के लिए पुलिस सोमवार को कोर्ट में आवेदन करेगी।

# बलरामपुर व सीतापुर में हादसों में छह की मौत

संवाददाता, बलरामपुर/सीतापुर

रफ्तार की मार

- बलरामपुर में पुलिया से टकरायी अनियंत्रित कार
- सीतापुर में ट्रक, पिकअप वाहन और बाइक की हुई भिड़ंत

**अमृत विचार :** बलरामपुर और सीतापुर में हुईं सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गयी। दोनों ही हादसों में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संबंधित जिलों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बलरामपुर जिले के तुलसीपुर थाना क्षेत्र के चयपुरवा स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार रात करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। भीषण हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना में कार चालक आदिल (21) निवासी पुरानी बाजार पचपेड़वा और अफरोज (20) निवासी जगदीशपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पचपेड़वा निवासी हाशिम मलिक ने बहराइच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि सभी युवक देवीपाटन मेला देखकर वापस लौट रहे थे। तभी चयपुरवा के पास तेज रफ्तार के कारण कार पुलिया से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

उधर, सीतापुर के सदरपुर क्षेत्र के धामी सराय चौराहे के पास रविवार शाम भूसी लदे ट्रक, पिकअप और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो महिलाएं और एक युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक थाना मानपुर लालपुर कोठी निवासी पुष्पेंद्र (26) और अंकित (25) सहित कोतवाली बीसवां के सत्तीनपुरवा निवासी साहिल उर्फ अयान (29) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 2027 का चुनाव सत्ता बदलने वाला होगा : पल्लवी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- सिराथू विधायक ने जाति जनगणना और विदेश नीति पर उठाए सवाल

**अमृत विचार।** जनपद में अपना दल कमेरावादी पार्टी द्वारा एक मंडलीय समता सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने भाग लिया। आगामी चुनावों पर बात करते हुए डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि 2027 का चुनाव सत्ता बदलने वाला होगा। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी 2027 के चुनाव में किस रणनीति के साथ उतरेगी, इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा।


अकबरपुर नगर में आयोजित कार्यक्रम में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल व अन्य।

उन्होंने यूजीसी विनियमन-2026 को लागू करने और ओबीसी की जातिवार जनगणना सुनिश्चित कराने की मांग किया। उन्होंने यूजीसी विनियमन पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि यह अधिनियम देश के विश्वविद्यालयों में समानता को बढ़ावा देने वाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की कमजोर पैरवी के कारण इस पर रोक लगी। जातिवार जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब उनकी पार्टी इसकी मांग कर रही थी, तब केंद्र सरकार ने जातिवार जनगणना कराने का आश्वासन तो दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि इसे कब तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए।

### एचबीटीयू के छात्रों का फूटा गुस्सा, बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कानपुर, अमृत विचार :** बिजली समस्या से परेशान एचबीटीयू के छात्रों ने रविवार रात हंगामा कर दिया। मामला इतना बढ़ा कि छात्र हॉस्टल से निकलकर विश्वविद्यालय परिसर में आकर नारेबाजी करने लगे। छात्रों का कहना था कि बिजली न आने की वजह से वे लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। इसके अलावा हॉस्टल में पानी सप्लाई भी बाधित है। जिससे पूरे हॉस्टल परिसर में अव्यवस्था का माहौल है। शहर में रविवार शाम तूफान की वजह से कई इलाकों की बिजली नहीं आ रही है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी इलाकों में बिजली बहाल नहीं हुई है। इसी कड़ी में एचबीटीयू में भी लगभग 24 घंटे से बिजली न आने की वजह से छात्रों का आक्रोश फूड पड़ा। आक्रोशी छात्र नारे लगाते हुए हॉस्टल से बाहर आए और विश्वविद्यालय परिसर में जल्द बिजली व्यवस्था को बहाल किए जाने की मांग करने लगे। छात्रों के इस प्रदर्शन की सूचना जब विश्वविद्यालय प्रशासन को हुई तो वह भी छात्रों से बात करने उनके बीच पहुंचे। देर रात अचानक हॉस्टल में छात्रों के समूह की ओर से नारे लगाए जाने की घटना के चलते सुरक्षा व्यवस्था को भी अलर्ट किया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा**

पत्रांक :– 1382/ई0नि0सू0 / न0प0 इकदिल/ 2025–206 दिनांक:– 25–03–2026

**ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके डाक्यूमेंट/ विवरण वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27.03.2026 से दिनांक 16.04.2026 सांय 02: 00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि डाउनलोड किये जा सकते है एवं दिनांक 16.04.2026 को अपरान्ह 04: 00 बजे खोली जायेंगी। उक्त दिवस को अवकाश घोषित होने या अन्य कारण होने पर अगले कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेंगी। कार्य की संख्या, विवरण एवं निविदा सम्बन्धी शर्तो को शासन की उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

लिपिक नगर पंचायत इकदिल इटावा | अवर अभियन्ता नगर पंचायत इकदिल इटावा | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल इटावा | अध्यक्ष नगर पंचायत इकदिल इटावा


# प्रेमिका को बुलाने के लिए टॉवर पर चढ़ गया सिरफिरा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** इश्क के पागलपन में युवक बीएसएनएल कार्यालय परिसर में लगे 120 मीटर ऊंचे टॉवर पर चढ़ गया। इतना ही नहीं युवक ऊपर रोते हुए प्रेमिका को बुलाने की जिद पर अड़ गया। करीब 3 घंटे चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और परिजनों के मान-मनौवल पर युवक टॉवर से नीचे उतरा। इंटर का एक छात्र अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने से इनकार कर दिया। उसकी एक ही शर्त थी कि उसकी प्रेमिका को बुलाओ, तभी उतरूंगा। युवक की पहचान देवा थाना क्षेत्र के रहने वाले नितिन रावत के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वह इंटर का छात्र है और टिकैतनगर क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ने वाली अपनी प्रेमिका से पिछले करीब एक साल से बात कर रहा था लेकिन पारिवारिक सहमति न मिलने के कारण मामला उलझ गया। एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया गया। करीब ढाई से तीन घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार समझाइश और रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा। नितिन को सुरक्षित नीचे उतार कर पुलिस उसे स्वास्थ्य जांच के लिए जिला अस्पताल ले गई।

# प्रेम-प्रसंग में हुई थी आसिफ की हत्या, चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज क्षेत्र में आसिफ की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा, तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, रामपुर कटरा निवासी मो. वसीम ने 4 अप्रैल को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई मो. आसिफ की हत्या मो. तौफिक और उसके साथियों ने मिलकर कर दी। थाना सफदरगंज में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमों का गठन किया। स्वाट, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तौफिक, अकील, शाहरूख और फैज निवासी रामपुर कटरा को गिरफ्तार कर लिया।

### सीतापुर अग्निकांड का योगी ने लिया संज्ञान

**लखनऊ, अमृत विचार :** सीतापुर जिले की तहसील महमूदाबाद के ग्राम सरैया चलाकापुर में 4 अप्रैल को हुए भीषण अग्निकांड में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुरंत संज्ञान लिया और अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रशासन ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों के बैंक खातों में शासनादेश के तहत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेज दी। इस त्वरित मदद से पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिली है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वन्दना शादीजा (VANDANA SHADIJA) उर्फ वीना शादीजा पत्नी स्व0 चन्द्रभान शादीजा निवासिनी–म0नं0–डी0एस0– 142 सेक्टर–डी, कानपुर रोड, एलडीए कालोनी, जिला लखनऊ की हूं। मैंने किसी मान्यता प्राप्त या गैर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में शिक्षा ग्रहण नहीं की है। वन्दना शादीजा व वीना शादीजा दोनों ही नाम मेरे स्वयं के ही हैं। कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम वन्दना शादीजा अंकित है एवं कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम वीना शादीजा अंकित है। शपथिनी को अब वन्दना शादीजा के नाम से जाना जाये। शपथिनी की जन्मतिथि आधार कार्ड नं0–7679 0278 2747 में 26.10.1963 अंकित है जो सत्य है। –शपथिनी



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित है की मैं **तैय्यबा फातिमा पुत्री मो इसराइल निवासी 1128,जमाल गेट खैराबाद,सुल्तानपुर** मेरी डी0.एल.एड0 बैच 2018 वर्ष 2019 और 2020 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक संख्या 1926100738 वर्ष 2019 और 1816101543 वर्ष 2020 है स्कूल का नाम 610030 –मोईद अहमद इंस्टीटूट सुल्तानपुर वास्तव में कही गुम हो गई है बहुत खोज बीन के बाद भी नहीं मिला

**सूचना**

मैं SANJAI पुत्र श्री GANGU, निवासी ग्राम व पो0–पचपुती जगतापुर, मनकापुर, गोण्डा, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर SANJAY KUMAR रख लिया है, अत: आज से मुझे SANJAY KUMAR के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।

**सूचना**

मैं AJAY KUMAR पुत्र श्री HARI LAL CHAUHAN, निवासी–20, ग्राम–हटवा जोगापुर, पो0–झिलाही, थाना–मनकापुर, गोण्डा, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर AJAY CHAUHAN रख लिया है, अत: आज से मुझे AJAY CHAUHAN के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।

**कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात**

पत्रसंख्या– 15 /एन0पी0ए0/2026–27 दिनांक–04–04–2026

**ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अकबरपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या–37 के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो हेतु दिनांक 27–04–2026 को अपरान्ह 3: 30 बजे तक निविदायें ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4: 30 बजे खोली जायेंगी। निविदाओं का निर्धारित शुल्क कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर में जमा कराकर जमा रसीद संलग्नकों सहित अपलोड की जानी आवश्यक है। 2 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी नकद एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर के नाम बन्धक हो अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रस्तावित कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अगणन/ अनुमानित धनराशि | अर्नेष्टमनी 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 1 पं0 दीनदयाल नगर में विमल संखवार के मकान से भजनी संखवार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 303500.00 | 7000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 2 | वार्ड नं0 2 मा0 कांशीराम नगर बदलापुर में कुंवरलाल संखवार के मकान से श्रीबाबू के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य । | 110300.00 | 3000.00 | 100.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड नं0 2 मा0 कांशीराम नगर आलमचन्द्रपुर में राजू संखवार के मकान से कमलेश गौतम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य । | 741400.00 | 15000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 4 | वार्ड नं0 3 शिवाजी नगर जुग्गापुरवा में अशोक गौतम के मकान से अशोक यादव के मकान होते हुये बाबाजी की कुटिया तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य । | 1979800.00 | 40000.00 | 2000.00 | 3 माह |
| 5 | वार्ड नं0 5 शंकरदयाल नगर रमेश गौतम के मकान से रामचन्द्र पोस्टमेन के मकान होते हुये राजेश प्रजापति के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 587500.00 | 12000.00 | 600.00 | 3 माह |
| 6 | वार्ड नं0 6 कृष्णा नगर में माती रोड से विनोद संखवार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1071700.00 | 22000.00 | 1100.00 | 3 माह |
| 7 | वार्ड नं0 7 अम्बेडकर नगर में श्यामसुन्दर प्रेमी के मकान से रज्जनलाल संखवार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2505200.00 | 51000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 8 | वार्ड नं0 8 जसवंत नगर में राजेश गौतम के मकान से गौरीशंकर के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 429800.00 | 9000.00 | 400.00 | 3 माह |
| 9 | वार्ड नं0 10 लोहिया नगर धरऊ में प्रा0पा0 से मिल्किनपुरवा रोड तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 493400.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 10 | वार्ड नं0 13 अशोक नगर में प्यारे वाल्मीकि के मकान से छुन्ना वाल्मीकि के मकान होते हुये सितारा वाल्मीकि के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1400200.00 | 29000.00 | 1400.00 | 3 माह |
| 11 | वार्ड नं0 17 रामगंज में होलिका दहन स्थल से प्रा0पा0 स्कूल होते हुये गंगाराम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य । | 1383500.00 | 28000.00 | 1400.00 | 3 माह |

**(आशीष कुमार)** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर कानपुर देहात

**(दीपाली सिंह)** अध्यक्ष नगर पंचायत अकबरपुर कानपुर देहात

## न्यूज ब्रीफ

### तीसरी लाइन का निरीक्षण करेंगे रेल संरक्षा आयुक्त

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम जारी है। इसी क्रम में लखनऊ मंडल के बुढ़वल-गोंडा तीसरी लाइन परियोजना के अन्तर्गत घाघरा घाट-बुढ़वल के मध्य तीसरी लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल 06 अप्रैल को इस नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन का आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान नवनिर्मित तीसरी रेललाइन खंड पर न तो स्वयं जायें न ही पशुओं को जाने दें।

### झोपड़ी में आग लगने से लाखों का नुकसान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत महमूदवा ग्रांट में रविवार को 11:30 बजे दर्दनाक हादसा हो गया जब गांव निवासी इरशाद पुत्र महबूब की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई। घटना के दौरान आस-पास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन लपटों की तीव्रता के कारण आग पर तुरंत काबू पाना सम्भव नहीं हो सका। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग बुझाई। अग्निकाण्ड में झोपड़ी में रखा घरेलू सामान, कपड़े, अनाज तथा महत्वपूर्ण कागजात पूरी तरह जलकर नष्ट हो गये जिससे पीड़ित परिवार को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# दीवानी मामलों में पुलिस का हस्तक्षेप कानून के शासन को कमजोर करता है



विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दीवानी विवादों को अपराधिक रंग देने के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि दीवानी विवादों के समाधान के लिए पुलिस और जिला प्रशासन का सहारा लेने की बढ़ती प्रवृत्ति "चिंताजनक" है, क्योंकि इससे कानून के शासन की नींव कमजोर होती है और ऐसे मामलों में गैर-अधिकृत एजेंसियों की भूमिका बढ़ती है, जिनका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं होता।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने दलजीत सिंह व अन्य द्वारा दाखिल आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में उस एफआईआर को चुनौती दी गई थी, जो माल ढुलाई के लिए किराए पर लिए गए वाहनों के भुगतान विवाद से उत्पन्न एक वाणिज्यिक लेन-देन से संबंधित थी। शिकायतकर्ता ने गोली चलाने का आरोप लगाया था, हालांकि घटना में किसी को चोट नहीं लगी। कोर्ट ने मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए पाया कि गोली चलाने का आरोप "दिखावटी" प्रतीत होता है और संभवतः एक दीवानी विवाद को आपराधिक रंग देने के उद्देश्य से लगाया गया है। कोर्ट ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा हर प्रकार के नागरिक विवाद में पुलिस या कलेक्टर के पास जाने की प्रवृत्ति न्यायिक व्यवस्था को दरकिनार करने वाली है और इसे प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता।

### हाईकोर्ट ने किया न्यायिक अधिकारियों का वार्षिक स्थानांतरण

इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा न्यायिक अधिकारियों का वार्षिक स्थानांतरण किया गया है। इस संबंध में 5 अप्रैल 2026 को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के 276, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के 169 तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के 266 न्यायिक अधिकारियों सहित कुल 711 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इसकी जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक मनजीत सिंह श्योरान ने दी। सिविल जज (जूनियर डिवीजन) श्रेणी में अभिषेक सिंह-तृतीय को टांडा (अंबेडकर नगर), गुन्नौर को संभाल चंदौसी, अर्पित सिंह-द्वितीय अमरोहा से गाजीपुर, अमनदीप धनौरा (अमरोहा) से बागपत, अभिषेक चौहान हसनपुर (अमरोहा) से सहारनपुर, डॉ. प्रवीण सिंह बिधुना (औरैया) से बस्ती, प्रत्यूष आनंद मिश्रा अयोध्या से मथुरा, सोनल उपाध्याय अयोध्या से मथुरा, सुलोचना वर्मा अयोध्या से शाहजहांपुर, निधि वर्मा बागपत से बहराइच, पुष्पेंद्र कुमार सिंह बलिया से लखीमपुर खीरी, सबा फातिमा बाराबंकी से प्रतापगढ़, सोनम शर्मा बाराबंकी से आगरा, मंजुला मिश्रा बरेली से कन्नौज, रेखा रावत बरेली से एटा, अरुण कुमार पांडेय बरेली से बलिया, शिखर अग्रवाल बरेली से मेरठ, एकता सिंह-तृतीय बिजनौर से चंदौली, राखी भदोरिया बदायूं से ललितपुर, सौम्या अरुण बदायूं से कानपुर नगर, शिवांगी सोनकर बुलंदशहर से गोरखपुर, शेफाली यादव चित्रकूट से मुजफ्फरनगर, माधुरी यादव चंदौली से कन्नौज, इंदु नागर देवरिया से अमरोहा, वृषाली गुप्ता गोंडा से शाहजहांपुर तथा अरुण गौतम गोंडा से बरेली स्थानांतरित किए गए हैं। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) वर्ग में मृत्युंजय श्रीवास्तव आगरा से कानपुर नगर, दीक्षा भारती आगरा से प्रयागराज, गंधर्व पटेल अलीगढ़ से कैराना (शामली), रजत सिंह यादव अलीगढ़ से जालौन (उरई), सौरभ मंडलोई अलीगढ़ से कानपुर नगर, अवधेश कुमार-तृतीय अमरोहा से बागपत, बलराम दास अयोध्या से जौनपुर, अनुज सिन्हा अयोध्या से कानपुर नगर, सोनाली पुनिया बागपत से लखनऊ, मिनल वर्मा आजमगढ़ से अयोध्या, भगत सिंह बागपत से लखनऊ, अलका पांडेय बरेली से श्रावस्ती, पारस यादव-प्रथम बरेली से देवरिया, श्वेता तिवारी बरेली से फर्रुखाबाद, आशीष कुमार राय बस्ती से लखनऊ, शोभा भाटी बिजनौर से लखनऊ, कोमल श्रीवास्तव बदायूं से अलीगढ़ तथा पंकज कुमार पांडेय बदायूं से बलिया स्थानांतरित किए गए हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रेणी में नवल किशोर सिंह अलीगढ़ से बाराबंकी, ईश्वर सिंह अमरोहा से हाथरस, अतीक उद्दीन औरैया से शाहजहांपुर, राकेश कुमार-षष्ठ अयोध्या से सोनभद्र, प्रेम प्रकाश अयोध्या से उन्नाव, संतोष कुमार यादव आजमगढ़ से बरेली, संदीपा यादव आजमगढ़ से बरेली, प्रेम शंकर आजमगढ़ से शाहजहांपुर, पवन कुमार राय बागपत से कानपुर नगर, अमित सिंह-प्रथम बाराबंकी से गाजीपुर, कुमारी अफसान बरेली से हमीरपुर, कुमार मयंक बरेली से प्रयागराज, तबरेज अहमद बरेली से बुलंदशहर, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी बरेली से हरदोई, जैबा मजीद बस्ती से कासगंज, सौरभ सक्सेना बदायूं से श्रावस्ती तथा सुरेश कुमार शर्मा बुलंदशहर से शाहजहांपुर स्थानांतरित किए गए हैं। हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार यह स्थानांतरण वार्षिक प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत न्यायिक व्यवस्था को अधिक संतुलित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं।

# कुशीनगर में आतंकी नेटवर्क की आहट आईएसआईएस से जुड़े तार फिर उजागर

- मोबाइल और लैपटॉप में छिपा आतंक का सच, जांच में जुटी स्पेशल सेल
- ठेले की आड़ में आतंक का खेल, आईएसआईएस कनेक्शन वाला रिजवान दबोचा गया

उपेन्द्र तिवारी, कुशीनगर

अमृत विचार। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में पडरौना के छावनी राइन मोहल्ले से रिजवान अहमद की गिरफ्तारी ने कुशीनगर जनपद, समेत पूरे प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। क्योंकि मामला महज रिजवान की गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि कुशीनगर में पनप रहे आतंकी नेटवर्क की आशंका का है।



रिजवान (फाइल फोटो)

स्पेशल सेल के हत्थे चढा रिजवान कोई नया नाम नहीं है। उसके तार पहले से ही खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2017 में मुंबई ब्लास्ट जांच के दौरान उसके ठिकाने से विस्फोटक बरामद हुए थे और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का खुलासा हुआ था। 6 वर्ष जेल में रहने के बाद बाहर आया और फिर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चेतावनी है।

**ठेले की आड़ में बड़े साजिश का खेल:** रिजवान बाहर से एक सामान्य जिंदगी जीता दिख रहा था पडरौना में फूड स्टॉल लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाला एक आम युवक। लेकिन एजेंसियों को शक है कि इसी आड़ में वह युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने और संगठन के लिए भर्ती करने का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल व एटीएस के हत्थे चढ़े रिजवान के पास बम बनाने का सामान व कुछ जेहादी साहित्य बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि वह आतंकी वारदातों को अंजाम देने के लिए अपने नेटवर्क से संदिग्धों को जोड़ रहा था और कई वीआईपी जगहों की उसने रेकी भी की थी।वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के लगातार संपर्क में था और उनके निर्देश पर ही अपने मॉड्यूल में नौजवानों को जोड़ने में जुटा था।उसके पास से मिले मोबाइल, लैपटॉप और जिहादी साहित्य बड़े खुलासे करेंगे।

### दिल्ली में हुई पूछताछ, खुल सकते हैं कई बड़े राज

ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाए गए रिजवान से स्पेशल सेल गहन पूछताछ कर रही है। जांच का फोकस उसके नेटवर्क, फंडिंग, संपर्कों और संभावित साजिशों पर है। यह भी खंगाला जा रहा है कि वह अकेला खिलाड़ी था या किसी बड़े मॉड्यूल का हिस्सा।आईएसआईएस से जुडे संदिग्ध रिजवान अहमद की गिरफ्तारी के बाद कुशीनगर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। एसपी केशव कुमार ने साफ निर्देश दिए हैं "जिले में किसी भी संदिग्ध गतिविधि को हल्के में न लिया जाए।" स्थानीय पुलिस रिजवान के संपर्क में रहे हर शख्स की पड़ताल कर रही है।खौफ, सवाल और साजिश की परतें लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने आम लोगों के बीच डर और असुरक्षा की भावना बढ़ा दी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या कुशीनगर की जमीन पर आतंकी सोच जड़ें जमा रही है? फिलहाल, जवाब जांच एजेंसियों के पास है लेकिन इतना तय है कि यह गिरफ्तारी आने वाले दिनों में कई चौंकाने वाले खुलासे कर सकती है।

### क्या कुशीनगर बन रहा है आतंकियों का ठिकाना ?

चौंकाने वाली बात यह है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जिले में आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्धों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बार-बार ऐसे मामलों का सामने आना इस बात का संकेत है कि कहीं न कहीं यह इलाका आतंकी नेटवर्क के लिए सॉफ्ट टारगेट बनता जा रहा है।

# आरोग्य मेले में मिलीं खामियां, भड़के डीएम

**लगाई फटकार**

संवाददाता सिद्धार्थनगर



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने रविवार को जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विकास खण्ड उसका क्षेत्र के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सनई और नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुलानी का दौरा किया जहां व्यवस्थाओं में कमी पायी। वहीं निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओपीडी लगभग खाली मिली। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जवाब-तलब किया। कहा कि यह जमीनी स्तर पर आरोग्य मेले के कमजोर प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन का संकेत है। यह भी सामने आया कि मरीजों को आकर्षित करने और योजना की जानकारी देने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गये थे। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता के कारण आमजन खासकर ग्रामीण और गरीब तबके तक योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के सख्त निर्देश दिये। जोर दिया कि खाली ओपीडी विभाग की कार्यशैली पर गम्भीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोग्य मेले का उद्देश्य आम लोगों को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि यही स्थिति बनी रही तो यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह जायेगी। अधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्रों पर पंजीकरण प्रक्रिया, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सा उपकरणों की स्थिति को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने योजना को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया। अधिकारियों की लापरवाही उजागर होने के बाद जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए ओपीडी संख्या बढ़ाने हेतु एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# फॉल्ट ठीक करते समय करंट से लाइनमैन की मौत

संतकबीरनगर, अमृत विचार। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के उतरावल गांव में शनिवार की देर रात बिजली का फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से 45 वर्षीय संविदा लाइनमैन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शटडाउन के बाद भी बिजली के तार में करंट दौड़ गया था। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजवाया। घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर रात में तेज आंधी और बारिश के चलते क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। आपूर्ति बहाल करने के लिए संविदा लाइनमैन कोतवाली क्षेत्र के मरवटिया गांव निवासी अंतराम गौतम को बघौली फीडर के उतरावल गांव भेजा गया था। बताया जा रहा है कि उन्होंने नियमानुसार शटडाउन भी लिया था, लेकिन पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक करने के दौरान अचानक स्ट्रीट वायर में करंट प्रवाहित हो गया। करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और नीचे गिर पड़े।



भाजपा कार्यालय पर पार्टी की स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलित करते भाजपाई। अमृत विचार

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती का लिया संकल्प

संतकबीरनगर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जिले में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नीतू सिंह और सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष नीतू सिंह और सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सदर विधायक ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जो अपने सिद्धांतों, संगठनात्मक मजबूती और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के कारण निरंतर आगे बढ़ रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, समर्पण और सेवा का रहा है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। सभी कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर पार्टी की मजबूती और देश की समृद्धि के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर विनोद कुमार पांडेय, हैप्पी राय, धनंजय पांडे, संजय कुमार सिंह, अर्जुन चौधरी, सिद्धार्थ शंकर पांडेय, ब्रह्मानंद पांडेय, शक्ति मणि त्रिपाठी, अमित चौबे आदि मौजूद थे।

# नहर में गिरी बोलेरो, महिला और बालक की गई जान

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। पथरा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात सड़क हादसे में एक महिला और पांच माह के बच्चे की मौत हो गई। बांसी-डुमरियागंज मार्ग पर झहरांव पुलिया के पास तेज आंधी के कारण एक अनियंत्रित बोलेरो नहर में गिर गई। दुर्घटना में सात अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक बोलेरो में सवार सभी लोग संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अमरहा गांव के निवासी थे। वे सभी शनिवार की रात डुमरियागंज क्षेत्र के बरई बनगवा गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। झहरांव पुलिया के पास तेज आंधी और खराब मौसम के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे बोलेरो नहर में जा गिरी। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन तेज आवाज के साथ नहर में गिरा। स्थानीय लोग तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को नहर से बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 34 वर्षीय सोनी और पांच माह के प्रियांशु की मौत हो गई। कलवन्त, वीरू, सलीम, झनकी, सुनीता, महिमा सहित अन्य घायलों का इलाज जारी है।

# अनैतिक देह व्यापार में दो पुरुष सहित तीन महिलाओं को किया गया गिरफ्तार

कुशीनगर, अमृत विचार। कुशीनगर में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी कसया कुदंन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कसया पुलिस टीम द्वारा रविवार को कसया में पड़रौना रोड पर बालवाड़ी स्कूल के सामने स्थित मकान में चेकिंग के दौरान अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त 03 महिलाएं व 02 पुरुष सहित कुल 05 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण मुन्ना अंसारी उर्फ असमुद्दीन पुत्र जाहिर अंसारी निवासी पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया, रवीन्द्र राय पुत्र योगेश्वर राय निवासी बरवा सुखदेव थाना तुर्कपट्टी सहित तीन अन्य महिलाओं को पांच मोबाइल,नगद सहित भारी मात्रा में आपत्ति जनक सामग्री बरामद की गई। इस दौरान कुन्दन कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, गौरव श्रीवास्तव, कमलेश यादव, अतुल कुमार, शिवानी द्विवेदी व शैलजा तिवारी मौजूद रहीं।

# ऋषिकेश से 16 को चलेगी विशेष ट्रेन

संवाददाता गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी का संचलन योग नगरी ऋषिकेश से 16 अप्रैल से 12 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को तथा मुजफ्फरपुर से 17 अप्रैल से 13 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को 26 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04314 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी 16 अप्रैल से 12 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को योग नगरी ऋषिकेश से 15.20 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 16.15 बजे, मुरादाबाद से 19.25 बजे, बरेली से 20.49 बजे, शाहजहाँपुर से 22.05 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 00.20 बजे, गोंडा से 02.43 बजे, बस्ती से 03.55 बजे, गोरखपुर से 05.15 बजे, सीवान से 07.05 बजे, छपरा से 08.15 बजे तथा हाजीपुर से 09.40 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 11.20 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 04313 मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी 17 अप्रैल से 13 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को मुजफ्फरपुर से 14.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 15.05 बजे, छपरा से 17.45 बजे, सीवान से 18.35 बजे, गोरखपुर से 20.35 बजे, बस्ती से 21.35 बजे, गोंडा से 22.55 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 02.30 बजे, शाहजहाँपुर से 04.42 बजे, बरेली से 05.57 बजे, मुरादाबाद से 07.58 बजे तथा हरिद्वार से 10.15 बजे छूटकर योग नगरी ऋषिकेश 11.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 कोच लगाए जाएंगे।

## देश को सकारात्मक संदेश देती हैं कविताएं



कवि सम्मेलन में सम्मानित किए गए कवि। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विकासखंड उसका बाजार के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोहांस खास में स्थित सोहराब खा पब्लिक स्कूल सोहांस बाजार में शनिवार रात्रि में आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी रहे। मां स्वरस्वती को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मंच का संचालन जमील अख्तर जैदपुरी ने किया। देश के कोने-कोने से आये वसीम गोरखपुरी, शायरा शहर अंजुम कवियत्री रुचि द्विवेदी, सलोनी उपाध्याय, कवि अरुणेश विश्वकर्मा, हास्य कवि प्रमोद पंकज आदि कवि और कवित्रियों ने अपनी कविताओं से महफिल लूट ली। कविताओं के माध्यम से समाज को सकारात्मक सन्देश दिया गया कि बेटियों को पढ़ाना लिखाना बहुत जरूरी है। समाज में व्याप्त नशा, गलत आदतों को छोड़ने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि ने लोगों को बताया कि कविताएं देश और क्षेत्र को एक सकारात्मक संदेश देती हैं।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

शेहरतगढ/ सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के जनसम्पर्क कार्यालय बढ़नी पर रविवार को नवनियुक्त जिला महामंत्री सिद्धार्थ शंकर पाठक एवं प्रभात तिवारी, बढ़नी मण्डल के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष राजेश पाठक तथा चिल्हियां मण्डल के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष मेजर सिंह चौहान का जोरदार स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि ने पूर्ण विश्वास के साथ बताया कि आप सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के साथ-साथ जनसेवा के कार्यों में पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ महत्वपूर्ण योगदान देंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि ने आप सभी (नवनियुक्त पदाधिकारियों) के सफल, उज्ज्वल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर साधना चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, बृजेश अग्रहरि, रामकुमार गुप्ता, महेश चौधरी, अभिषेक यादव, छोटू आदि उपस्थित रहे।

## रिश्ते में चाची से रेप करने वाले को दबोचा

संतकबीरनगर, अमृत विचार। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में रिश्ते में चाची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी भतीजे को पुलिस ने रविवार को मंझरिया रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिनों युवक ने घर में महिला को अकेली पाकर घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी 2026 को दोपहर करीब सवा 12 बजे वह घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का रहने वाला 19 वर्षीय युवक मौका देखकर घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसे और उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घटना के बाद पीड़िता अपने पति के साथ शनिवार को कोतवाली पहुंची और कार्रवाई की मांग की।

**प्रांतीय सम्मेलन** | सांसद शशांक मणि बोले-पूर्ण सत्य ही पत्रकारों का दायित्व

# विश्वसनीयता का पैमाना हैं अखबारों की खबरें : शाही

संवाददाता कुशीनगर



कार्यक्रम को संबोधित करते सूर्य प्रताप शाही।

अमृत विचार। प्रदेश सरकार के कृषि एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि बदलते समय में पत्रकारिता के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन हुए हैं और डिजिटल युग के आगमन के साथ नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। इसके बावजूद आज भी अखबारों की खबरों को विश्वसनीयता का प्रमुख पैमाना माना जाता है। उन्होंने पत्रकारों से अपेक्षा की कि समाचारों को सनसनीखेज बनाने के बजाय तथ्यपरक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को प्राथमिकता दें। वे पडरौना में आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। इतिहास में पं. मदन मोहन मालवीय एवं रामनाथ गोयनका जैसे पत्रकारिता के पुरोधाओं ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, जिसके कारण पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनी रही।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं एवं चुनौतियों से मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराते हुए उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों से अपील की कि निजी वार्तालाप को समाचार का हिस्सा बनाकर किसी की निजता का उल्लंघन न किया जाए। विशिष्ट अतिथि देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे अर्धसत्य से बचते हुए पूर्ण सत्य को समाज के सामने प्रस्तुत करें तथा सकारात्मक अभियानों में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है ग्रामीण पत्रकारों के हितों एवं संघर्षों में उनका निरंतर सहयोग रहेगा। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) राजेश्वर सिंह, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूल बदन कुशवाहा, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक सदर मनीष जायसवाल (मंटू), विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के संयोजक एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन की ओर से मुख्य अतिथि को सात सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा गया।

# सादगी से मनाई गई बाबू जगजीवन राम की जयंती

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिला कांग्रेस कार्यालय पर बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। जिला कांग्रेस कार्यालय पर बाबू जगजीवन राम की जयंती पर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सादगी से उनकी जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम एवं प्रशासन अनिल सिंह अन्नू ने की। संचालन नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ डॉक्टर प्रमोद कुमार ने की। कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करने के बाद उनके जीवन पर उल्लेखनीय प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल सिंह अन्नू ने कहा बाबू जगजीवन राम का सारा जीवन ऊच नीच एवं जाति-पाति की खाई मिटाने के लिए संकल्पित रहा। सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद उन्होंने शून्य से जीवन शुरू कर अपने सादगी भरे जीवन एवं कर्म के आधार पर भारत के उप प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च शिखर वाले पद पर पहुंच कर भी देश को अग्रणी देश बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

न्यूज ब्रीफ

### भाजपा कार्यालय पर धमाके के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** भाजपा की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर एक अप्रैल को हुए धमाके के सिलसिले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी गुरतेज सिंह और अमनप्रीत सिंह को शनिवार रात हरियाणा के रेवाड़ी से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, दोनों आरोपी पंजाब के रूपड़ के मोरिंडा थाना क्षेत्र के रतनगढ़ गांव के हैं। चंडीगढ़ में एक अप्रैल को सेक्टर 37 स्थित पार्टी मुख्यालय के बाहर धमाका हुआ था। इस धमाके में कारों की खिड़कियां टूट गईं और एक स्कूटर को नुकसान पहुंचा था।

### प्रख्यात कथाकार अनंत कुमार सिंह का पटना में निधन

**पटना।** सुप्रसिद्ध कथाकार और जनवादी लेखक संघ (जलेस) की बिहार इकाई के उपाध्यक्ष और अनंत कुमार सिंह का रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इस खबर से साहित्यकारों और प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई। अनंत कुमार सिंह जनवादी लेखक संघ के शुरुआती दौर से ही संगठन के स्तंभ रहे थे। उन्होंने न केवल केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं, बल्कि एक संगठनकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई।

# प्रवासी श्रमिकों के लिए पांच किलो के गैस सिलेंडरों की बिक्री पर जोर

## होर्मुज को लेकर चिंताओं के बीच सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने रसोई गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पांच किलोग्राम वाले छोटे एफटीएल एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री तेज कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि 23 मार्च से अब तक ऐसे 6.6 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। शनिवार को भी 90,000 से ज्यादा एफटीएल सिलेंडर बेचे गए।

सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडरों से अलग पांच किलोग्राम के छोटे सिलेंडर बाजार कीमत पर मिलते हैं और इन्हें नजदीकी गैस एजेंसी से लेने के लिए पते का प्रमाण देना जरूरी नहीं होता। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एलपीजी वितरकों के पास किसी तरह की कमी की कोई सूचना नहीं है। एक ही दिन में 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन बुकिंग के जरिए पूरा हुआ। प्रशासन ने जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।

मार्च से अब तक 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं, एलपीजी वितरकों को 1,400 से ज्यादा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 36 डीलरशिप निलंबित की जा चुकी हैं।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को संकट से पहले के स्तर के 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है ताकि मांग का दबाव कम हो सके। प्राकृतिक गैस के बारे में सरकार ने कहा कि घरेलू उपयोग और परिवहन के लिए पूरी आपूर्ति जारी है, जबकि उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति छह अप्रैल से औसत खपत के करीब 90 प्रतिशत तक बढ़ाई जाएगी, जिसे आने वाले एलएनजी कार्गो का समर्थन मिलेगा। मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और देशभर के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि घबराकर खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें।


चिकमंगलुरू के एक फिलिंग स्टेशन पर एलपीजी के लिए लगी ऑटो की लंबी कतार।

### ऑनलाइन ही बुक कराएं सिलेंडर : सरकार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगने के मद्देनजर सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक कराएं और जरूरी होने पर ही वितरकों के पास जाएं। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई।

# आंध्र में आईएसआईएस से जुड़े आतंकी गिरोह का पर्दाफाश, 12 लोग गिरफ्तार

**अमरावती, एजेंसी**

भारत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में शामिल विदेशी संचालकों और आईएसआईएस सहित चरमपंथी संगठनों से संदिग्ध तौर जुड़े एक आतंकी गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। इस मामले में नेटवर्क से जुड़े 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें तीन लोग आंध्र प्रदेश के हैं। आंध्र पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान में टीम तैनात की थीं।

- गिरोह युवाओं को ऑनलाइन रूप से कट्टरपंथी बनाने में जुटा था

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी रहमतुल्लाह शरीफ और उसके सहयोगी जिहादी प्रोपेगेंडा फैलाने और ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने में लगे कार्यकर्ताओं के संपर्क में थे। संदेह है कि समूह की विस्तार करने की रणनीति के तहत महिलाओं को एक अलग ख्वातीन शाखा में शामिल होने के लिए उकसाया गया था। खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया, यह समूह सक्रिय रूप से चरमपंथी सामग्री साझा कर रहा था और विदेशी संचालकों के साथ संपर्क में था।

आरोप है कि इन लोगों ने ओसामा बिन लादेन, इसरार अहमद शेख, जाकिर नाइक और अनवर अल-अवलाकी के वीडियो प्रसारित किए ताकि मुस्लिम युवाओं को जिहाद और चरमपंथी विचारधाराओं से प्रभावित किया जा सके। इस समूह ने 40 से अधिक सोशल मीडिया खातों से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में स्थित संचालकों से संपर्क स्थापित किया था।

### महाराष्ट्र में दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एटीएस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक संयुक्त अभियान में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने वाले एक आतंकी समूह से जुड़े दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार दोनों को ठाणे के खडवली और मध्य मुंबई के कुर्ला इलाके से पकड़ा गया। उनके पास से आपत्तिजनक दस्तावेज और मोबाइल फोन सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

### सुनेत्रा पवार ने बारामती उपचुनाव के लिए कांग्रेस से समर्थन मांगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने रविवार को राज्य कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल को फोन करके उनसे बारामती विधानसभा क्षेत्र में उनका निर्विरोध उपचुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुनेत्रा इस सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

हालांकि, सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस उनकी मांग मानने के मूड में नहीं है। एक दिन पहले सुनेत्रा पवार ने उद्धव ठाकरे का भी समर्थन मांगा था। यह चुनाव सुनेत्रा के पति अजित पवार की मृत्यु के कारण हो रहा है। ठाकरे की पार्टी ने सुनेत्रा की मांग पर रुख स्पष्ट नहीं किया है। हालांकि राकांपा (शप) ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह बारामती क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले दिवंगत अजित पवार के सम्मान में उपचुनाव नहीं लड़ेगी।

# लद्दाख के मुद्दे पर ईमानदारी से बात करे सरकार: वांगचुक

**करगिल, एजेंसी**

पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को जायज बताते हुए रविवार को कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह सरकार के साथ बातचीत में शामिल होने से पीछे नहीं हटेंगे। वांगचुक ने खुले दिमाग और ईमानदारी से बातचीत करने तथा बीच का रास्ता निकालने का सरकार का आह्वान किया।

वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत लगभग छह महीने की हिरासत के बाद 14 मार्च को रिहा किया गया था। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि इस मुद्‌जादे पर री विरोध प्रदर्शन का सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण समाधान निकलेगा। वांगचुक ने कहा, छठी अनुसूची के तहत लद्दाख को सुरक्षा और राज्य का दर्जा देने की मांग संविधान में निहित लोकतांत्रिक अधिकारों पर आधारित है और पूरी तरह वैध है। पिछले पांच-छह वर्षों से हम इन मुद्दों पर सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है क्योंकि दूसरी तरफ से कठोर रुख अपनाया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बातचीत खुले दिमाग से और पूरी ईमानदारी के साथ होनी चाहिए।

पर्यावरण कार्यकर्ता ने कहा, किसी एक पक्ष को यह नहीं सोचना चाहिए कि सिर्फ वही जीतेगा और दूसरा हारेगा। हमें बेहतर स्थिति बनानी होगी और बीच का रास्ता अपनाना होगा। मेरा व्यक्तिगत मत यही है और मैंने आंदोलनकारी नेताओं समेत कई लोगों को यही बात समझाई है कि बातचीत धीरे-धीरे आगे बढ़नी चाहिए। वांगचुक ने कहा कि प्रदर्शनकारी इस दृष्टिकोण को अपनाने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह एकतरफा नहीं होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी वार्ता में भी उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया गया तो सवाल उठेगा कि लद्दाख के नेताओं की तरह लचीला रुख क्यों नहीं अपनाया जा रहा। सरकार ने अभी तक अगली वार्ता की तारीख घोषित नहीं की है। वांगचुक ने उम्मीद जताई कि विरोध प्रदर्शन का अंत सकारात्मक समाधान के साथ होगा।


करगिल में मीडिया से रूबरू सोनम वांगचुक।

- लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को जायज ठहराया

# खरात की कॉल डिटेल लीक, शिंदे चपेट में आए

## महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई, फडणवीस ने कहा- सीडीआर लीक होने की जांच कराएंगे

**नासिक, एजेंसी**

स्वयंभू बाबा अशोक खरात की सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) लीक होने के बाद इस मामले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी चपेट में आ गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र की राजनीति फिर गरमा गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि किसी को इस तरह के सीडीआर प्राप्त करने का अधिकार नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी। यह भी कहा कि स्वयंभू बाबा की संपत्तियों की जांच ईडी को सौंपी जाएगी।

सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने शुक्रवार को खरात और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच हुई बातचीत का खुलासा किया था जिसके बाद बवाल मच गया था। दमानिया ने दावा किया था कि उन्हें खरात से जुड़ी सीडीआर व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से प्राप्त हुआ था। खरात को पिछले महीने तब गिरफ्तार किया गया था, जब एक महिला ने उस पर तीन साल तक बार-बार बलात्कार करने का आरोप लगाया था। इसके बाद अब तक उसके खिलाफ आठ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। जांच में यौन उत्पीड़न, जमीन व अन्य संपत्तियों से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं सहित कई अपराधों का खुलासा हुआ है।

गिरफ्तारी के बाद खरात की शिंदे और राकांपा नेता रूपाली चकणकर समेत महाराष्ट्र के प्रमुख राजनेताओं के साथ तस्वीरें वायरल हुईं। महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिंदे ने 2022 में खरात के मंदिर का दौरा किया था।

### शिंदे से 17 बार हुई खरात की बात और रूपाली चाकणकर से 177 बार

दमानिया ने समय अवधि बताए बिना कहा था, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अशोक खरात के बीच 17 बार फोन पर बात हुई थी। इसमें सबसे लंबी बातचीत 21 मिनट तक चली थी। सीडीआर का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि खरात ने अपनी पत्नी के बाद सबसे लंबे समय तक रूपाली चाकणकर से फोन पर बात की थी। दमानिया ने बताया कि चाकणकर और खरात के बीच कुल 177 बार फोन पर बात हुई थी, जो 33,727 सेकंड तक चली। उन्होंने यह भी दावा किया कि खरात और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल तथा एनसीपी नेता सुनील तटकरे के बीच भी आठ-आठ बार फोन पर बात हुई थी। खरात और भाजपा के मंत्री आशीष शेलार के बीच भी एक बार फोन पर बात हुई थी।

### पंजाब के मुद्दे पर भी राघव ने दिया जवाब, कहा- पिक्चर अभी बाकी

**नई दिल्ली।** संसद में पंजाब से जुड़े मुद्दे न उठाने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने रविवार को एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह इस राज्य से जुड़े अहम मुद्दों पर बोलते दिख रहे हैं। वीडियो में उन मौकों की फुटेज है, जब चड्ढा ने संसद में भूजल स्तर में गिरावट, शहीद-ए-आजम भगत सिंह से जुड़े विषयों और पंजाब के अन्य मामले उठाए थे।

चड्ढा ने इस वीडियो को छोटा सा ट्रेलर बताते हुए कहा, आप में मेरे उन साथियों के लिए, जिन्हें यह कहने के लिए वीडियो जारी करने पर मजबूर किया गया कि चड्ढा ने संसद में पंजाब के मुद्दे नहीं उठाए। चड्ढा कहा कि पंजाब उनके लिए सिर्फ एक चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि उनका घर, उनका कर्तव्य और उनकी आत्मा है।

### केजरीवाल की याचिका, जस्टिस स्वर्णकांता के बजाय और किसी को दें शराब घोटाला केस

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने की निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई से न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा को अलग करने का अनुरोध करते हुए रविवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। याचिका पर सोमवार को सुनवाई होने की उम्मीद है और केजरीवाल खुद इस पर बहस करने को अदालत में उपस्थित हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक आरोप मुक्त किए गए अन्य लोगों की ओर से भी इसी तरह की याचिका दायर किए जाने की उम्मीद है।

**आज होगी सुनवाई**

दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने इससे पहले केजरीवाल के उस अनुरोध को खारिज कर दिया था जिसमें सीबीआई की याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की अदालत से किसी अन्य न्यायाधीश को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा था कि इस मामले से खुद को अलग करने का निर्णय संबंधित न्यायाधीश को लेना होगा।

### क्रॉस वोटिंग: हरियाणा कांग्रेस के 5 विधायकों के निलंबन की सिफारिश

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति (डीएसी) ने पिछले महीने हुए राज्यसभा चुनावों के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले पार्टी के पांच विधायकों को निलंबित करने की सिफारिश की है।

इससे पहले, कांग्रेस ने हरियाणा के अपने पांच विधायकों को क्रॉस-वोटिंग के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। हरियाणा की दो राज्यसभा सीट के लिए मतदान 16 मार्च को हुआ था। भाजपा के संजय भाटिया ने आसानी से एक सीट जीत ली, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार करमवीर सिंह बौध ने निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के खिलाफ कड़े मुकाबले में दूसरी सीट हासिल की। कांग्रेस के चार वोट भी अमान्य घोषित कर दिए गए। पार्टी के नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, साढौरा विधायक रेनू बाला, पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास, हथीन विधायक मोहम्मद इसराइल और रतिया विधायक जरनैल सिंह पर पार्टी को संदेह था।

- अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति ने हाईकमान को भेजी रिपोर्ट

### दिल्ली: सरकारी दवाएं बाजार में बेचने वाले पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अस्पतालों में सरकार की तरफ से मुफ्त वितरण के लिए दी जाने वाली दवाओं की हेराफेरी और अवैध बिक्री में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 70 लाख रुपये की दवाएं जब्त की हैं। साथ ही दीन दयाल उपाध्याय (अस्पताल में तैनात एक फार्मासिस्ट और संविदा पर नियुक्त सहायक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान नीरज कुमार, सुशील कुमार, लक्ष्मण मुखिया, बिनेश कुमार और प्रकाश महतो के रूप में हुई है। उनके पास से 70 लाख रुपये की दवाएं, साथ ही परिवहन के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक टेंपो और एक कार बरामद की गई। आरोपियों को तीस हजारी इलाके में दवाओं की ढुलाई के दौरान पकड़ा गया।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# जुबिन की तरह लोगों को एक करती है कांग्रेस : राहुल गांधी

**गोलाघाट (असम), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी की विचारधारा प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग जैसी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन असम को एकजुट करने में लगाया। असम के विश्वनाथ और गोलाघाट जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांधी ने कहा कि जुबिन गर्ग ने अपना पूरा जीवन असम के लोगों को एकजुट करने में लगाया, उन्होंने कभी किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं किया। कांग्रेस की विचारधारा भी ऐसी ही है, नफरत के खिलाफ प्यार फैलाने की। उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार लोगों और समुदायों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर एक लैंड एटीएम बना रहे हैं। जनता की जमीन छीनकर कुछ बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शर्मा ही नहीं, बल्कि उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की भी जांच की जाएगी।



# चाय श्रमिकों को लुभाने में जुटे राजनीतिक दल

## काम गिनाकर नए वादे कर रही भाजपा तो कांग्रेस ने बदलावों को सिरे से नकारा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल प्रभावशाली चाय बागान श्रमिकों का समर्थन हासिल करने के प्रयासों को तेज कर रहे हैं, जो एक ऐसा मतदाता समूह है जो दर्जनों निर्वाचन क्षेत्रों में परिणामों को तय कर सकता है। चाय बागानों में करीब 35 लाख ऐसे मतदाता हैं जिनका मुख्यतः पूर्वी असम के 35 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में दबदबा है तथा वे असम की 126 सदस्यीय विधानसभा की कम से कम दस और सीटों के चुनाव नतीजे पर भी असर डाल सकते हैं।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा, अधिक दिहाड़ी और भू-अधिकार समेत उनकी पुरानी मांगें एक बार फिर राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गई हैं। सत्ताधारी भाजपा ने पिछले एक दशक में किए गए अपने कल्याणकारी कार्यों को प्रमुखता से लोगों के सामने रखा है। दावा है कि चाय बागान श्रमिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पार्टी ने विशेष रूप से चाय बागानों के भीतर भू- अधिकार प्रदान करने के कदम पर बल दिया है।

भाजपा चाय मोर्चा के अध्यक्ष दुलेन नायक ने स्कूलों, सड़कों और कल्याणकारी योजनाओं जैसी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि समुदाय को अब द्वितीय श्रेणी के नागरिक के रूप में नहीं माना जाता। शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे तक, ठोस प्रगति हुई है। भाजपा ने पुनः सत्ता में आने पर चरणबद्ध तरीके से मजदूरी बढ़ाकर 500 रुपये करने का वादा किया है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने तर्क दिया कि सुधारों से जमीनी स्तर पर कोई सार्थक बदलाव नहीं आया है। असम चाय मजदूर आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष अतुवा मुंडा ने भूमि अधिकार पहल को सतही बताकर खारिज कर दिया।


चाय बागान में श्रमिकों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

# बहरामपुर की संकरी गलियों में पैदल निकलीं ममता बनर्जी

**बहरामपुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का गढ़ माने जाने वाले बहरामपुर शहर में रविवार को एक मार्च का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख मुर्शिदाबाद जिला मुख्यालय की संकरी गलियों से गुजरीं जहां लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। इस दौरान बनर्जी ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कुछ लोगों से हाथ मिलाया। गिरजा मोड़ से खगरा चौरास्ता तक 1.6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहरा रहे थे।

तृणमूल कांग्रेस ने चौधरी और निवर्तमान भाजपा विधायक सुब्रत मैत्रा का मुकाबला करने के लिए बहरामपुर में नारू गोपाल मुखर्जी को चुनावी मैदान में उतारा है।



# भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ है, मुस्लिमों के नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने असम व पश्चिम बंगाल में पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा घुसपैठियों का विरोध करती है न कि वह मुस्लिमों के खिलाफ है। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को होने हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना चार मई को होगी। डकरी ने साक्षात्कार में कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हम असम और पश्चिम बंगाल दोनों में जीतेंगे। भाजपा की नीति है कि धार्मिक पहचान से परे सभी को साथ लेकर चला जाए। हम घुसपैठियों के खिलाफ हैं, मुसलमानों के नहीं। पार्टी के विकास एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश और शासन-केंद्रित दृष्टिकोण भाजपा की चुनावी रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, “असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।



- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- असम और पश्चिम बंगाल में उज्ज्वल संभावनाएं

### विस चुनावों के दौरान पकड़ी गई 650 करोड़ रुपये की नकदी और शराब

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में प्रवर्तन अधिकारियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 650 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध नकदी, मादक पदार्थ और शराब जब्त की है। आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल से 319 करोड़ रुपये की अवैध नकदी, मादक पदार्थ, शराब और मूल्यवान धातुएं जब्त की गई हैं। इसके बाद तमिलनाडु का स्थान है जहां 170 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के भीतर सुनिश्चित करने के लिए 5,173 से अधिक उड़न दस्तों को तैनात किया गया है। आयोग के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर अचानक नाकेबंदी करने के लिए 5,200 से अधिक स्थिर निगरानी दल (एसएसटी) भी तैनात किए गए हैं। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है।

### पुडुचेरी में नौ और तमिलनाडु में 23 को अवकाश घोषित

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में मतदान के दिन 23 अप्रैल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। आयोग के अनुसार, मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। यह नियम किसी भी व्यवसाय या औद्योगिक उपक्रम में काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होगा। वे सभी मतदाताओं को मिलेगी, जो चुनाव में वोट डालने के हकदार हैं।

### 2026 सके चुनाव का सुपरस्टार है द्रमुक का घोषणापत्र : स्टालिन

**विरुधुनगर, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के चुनाव घोषणापत्र को 2026 के चुनाव का सुपरस्टार बताते हुए कहा कि वादे तो कोई भी कर सकता है, लेकिन जनता भरोसा सिर्फ उनकी पार्टी के वादों पर करती है। यहां धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) की एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि छह से 60 वर्ष की आयु तक महिलाओं से लेकर पुरुषों तक, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक- हर कोई द्रमुक के चुनावी घोषणापत्र को पसंद करता है। ऐसा कोई हो ही नहीं सकता जो इसे नापसंद करे। उन्होंने यहां एकत्रित लोगों से कहा कि मैंने इसे 2026 के चुनाव के सुपरस्टार के रूप में पेश किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी वादे की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे कौन करता है। उन्होंने कहा कि लोग केवल द्रमुक के वादे पर ही विश्वास करते हैं।

**सोने का आयात बढ़कर 69 अरब डॉलर पर**

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कीमती धातुओं की ऊंची कीमतों के कारण अप्रैल-फरवरी 2025-26 में देश का सोने का आयात 28.73 प्रतिशत बढ़कर 69 अरब डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में सोने का आयात 53.52 अरब डॉलर रहा था।



## बिजनेस ब्रीफ

### दो वर्षों में सीवीडी डायमंड का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा सूरत: संघवी

**सूरत।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि सूरत डायमंड बोर्स आने वाले दो वर्षों में 'केमिकल वेपर डिपोजिशन (सीवीडी)' हीरों का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगा। केमिकल वेपर डिपोजिशन (सीवीडी) एक आधुनिक तकनीक है, जिसके जरिए प्रयोगशाला में हीरे बनाए जाते हैं। संघवी ने शनिवार को सूरत डायमंड बोर्स के दौरे के दौरान कहा कि जिस तेजी से यहां विकास हो रहा है, उसे देखते हुए लैब में तैयार हीरे और प्राकृतिक हीरों का प्रमुख केंद्र मुंबई से सूरत की ओर स्थानांतरित हो सकता है।

### क्लासिक लांच करेगी नई 'स्क्रैम्बलर' बाइक

**नयी दिल्ली।** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स अपने पोर्टफोलियो के विस्तार की तैयारी कर रही है। अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए कंपनी चालू वित्त वर्ष में स्क्रैम्बलर खंड में नई बाइक लाने की योजना बना रही है। क्लासिक लीजेंड्स येज्दी, जावा और बीएसए जैसी चर्चित बाइक बेचती है। स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिल ऑन रोड और ऑफ रोड दोनों के लिए इस्तेमाल हो सकती है। सामान्य रूप से इसे 'डर्ट बाइक' कहा जाता है। ऑफ रोड से आशय परंपरागत सड़क से अलग हटकर मार्ग से है।

### हिंदुस्तान कॉपर का लक्ष्य 'नवरत्न' बनना

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड 'नवरत्न' का दर्जा पाने का प्रयास कर रही है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह का मानना है कि यह उपलब्धि कंपनी के बेहतर परिचालन, संगठन की उत्कृष्टता और रणनीतिक वृद्धि की वजह से हासिल होगी। सीएमडी ने हाल में अपने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि हम नवरत्न का दर्जा पाने की अपनी कोशिशों में तेजी ला रहे हैं। यह न केवल परिचालन के मोर्चे पर हमारे बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है, बल्कि संगठन की उत्कृष्टता तथा परिपक्वता का संकेत है।

### 2.5 करोड़ टन कोयला बेचेगी कोल इंडिया

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) इस महीने ऑनलाइन नीलामी के जरिये 2.56 करोड़ टन कोयले की पेशकश करने की योजना बना रही है। कोल इंडिया के इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के बीच उद्योग को ऊर्जा आपूर्ति के झटकों को कम करने में मदद मिलेगी। पश्चिम से एलएनजी, एलपीजी और कच्चे तेल की आपूर्ति में आए व्यवधान की वजह से कोयले की मांग बढ़ गई है। साथ ही आयातित कोयला भी महंगा हो गया है। कोल इंडिया ने इस साल फरवरी में 2.05 करोड़ टन के मुकाबले मार्च में ई-नीलामी के जरिये 3.25 करोड़ टन कोयले की पेशकश की थी।

# मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

## विश्लेषक मान रहे कि बाजार की दिशा तय करने में कच्चे तेल की भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव
- कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है, क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों की राय में कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी। नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।

पिछले सप्ताह में, बीएसई के बेंचमार्क सेंसेक्स में 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत नुकसान में रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और वैश्विक आर्थिक आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहेंगे।

विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आती है तो बाजार को राहत मिल सकती है, जबकि तनाव बढ़ने की स्थिति में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो सकती है और विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

# एफपीआई ने अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला जारी है।अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही उन्होंने 19,837 करोड़ रुपये (2.1 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और रुपये में लगातार गिरावट को माना जा रहा है।

इससे पहले मार्च में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार से करीब 1.17 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.7 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी। यह एफपीआई की निकासी की दृष्टि से सबसे खराब महीना था। वहीं एफपीआई ने फरवरी में शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले थे, जो 17 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, ताजा बिकवाली के बाद 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 1.5 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। एफपीआई ने अप्रैल के दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि युद्ध जारी रहने, कच्चे तेल के दाम के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने, रुपये में लगातार गिरावट और डॉलर की मजबूती की वजह से एफपीआई की बिकवाली रिकॉर्ड स्तर पर है।

इसके अलावा युद्ध शुरू होने के बाद से रुपये में लगभग 4% की गिरावट आई है, और इसमें आगे और कमजोरी की आशंका से भी बिकवाली को बल मिल रहा है।

# आकर्षण बरकरार : मार्च में 38 कंपनियों ने आईपीओ के लिए सेबी को सौंपे दस्तावेज

**नई दिल्ली, एजेंसी**




कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने बीते मार्च माह में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है।

सेबी के आंकड़े बताते हैं कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं।

इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं।

सेबी के पास दस्तावेज जमा कराने वाली 38 कंपनियों में से जेटवर्क, एसएनवीए ट्रैवलटेक, रेडिफ.कॉम इंडिया, टोरेंट गैस, सिनर्जी एडवांस्ड मेटल्स, गरुड़ एयरोस्पेस और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट समेत कुल नौ कंपनियों ने गोपनीय तरीके से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं। एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और जलवायु संतुलन पर फोकस

## वर्ष 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से, ग्रीन हाइड्रोजन हब की तैयारी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने 'विकसित यूपी@2047' के तहत सतत एवं संतुलित विकास का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु सहिष्णुता को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव के तहत वर्ष 2047 तक प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का हिस्सा 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके लिए चरणबद्ध योजना के तहत वर्ष 2029-30 तक 29 प्रतिशत, 2035-36 तक 45 प्रतिशत और 2046-47 तक 70 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही रूफटॉप सोलर क्षमता बढ़ाने और बिजली वितरण में सुधार कर एटी एंड सी लॉस को 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने की योजना है। प्रदेश में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन हब विकसित किए जाएंगे, जिससे उर्वरक, रिफाइनिंग और भारी उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा मिल सके। साथ ही औद्योगिक क्लस्टरों में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स के जरिए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश आकर्षित करने की तैयारी है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने के मॉडल को अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।



### रोडमैप की मुख्य बातें

- 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से
- ग्रीन हाइड्रोजन हब तीन क्षेत्रों में विकसित होंगे
- रूफटॉप सोलर और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा
- एटी एंड सी लॉस 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य
- नमामि गंगे के तहत जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन
- आपदा प्रबंधन के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड

### स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज 2.0 लागू

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संतुलित करने के उद्देश्य से स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूपी एसएपीसीसी 2.0) को लागू किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही वर्ल्ड बैंक समर्थित क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत राज्य में पीएम 2.5 के स्तर को कम करने के लिए दस वर्षीय रोडमैप भी तैयार किया गया है।

### आपदा प्रबंधन को बनेगा रियल-टाइम डैशबोर्ड

पर्यावरण संरक्षण के तहत 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को और मजबूत करते हुए नदियों के पुनर्जीवन, सीवेज प्रबंधन और जल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। वहीं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए बहु-आपदा जोखिम डेटा प्लेटफॉर्म और रियल-टाइम डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से जोड़ा जाएगा।

# रॉयल एनफील्ड ने 2026 हंटर 350 लाईनअप के नए वैरिएंट पेश किए

**लखनऊ।** रॉयल एनफील्ड ने अपने 2026 हंटर 350 पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। शहरों की गलियों के लिए साल 2022 में लॉन्च हुई हंटर 350 की जबरदस्त सफलता के बाद रॉयल एनफील्ड ने टारमैक ब्लैक कलर में नए बेस प्रीमियम वैरिएंट के साथ नए कलरवेज़ मुंबई यलो और मूनशॉट व्हाईट पेश किए हैं। ये तीनों मोटरसाइकिल लखनऊ में रॉयल एनफील्ड के अल्टीमेट स्ट्रीट कल्चर प्लेटफॉर्म, हंटरहुड में प्रदर्शित की गईं। इन नए फीचर्स के साथ अब और अधिक राईडर लगातार बढ़ती हंटर ट्राईब में शामिल होंगे तथा प्योर मोटरसाइक्लिंग का शानदार स्टाईल और अनुभव शहरी बाजारों के बाहर और अधिक राईडर्स तक पहुंचेगा। नया बेस प्रीमियम वैरिएंट हंटर की एंट्री लेवल की पेशकश को और अधिक मजबूत विज़्युअल एवं इंटरफेस पैकेज प्रदान कर रहा है। साथ ही, इसमें इसका मूल डीएनए, सहज राईडिंग, इन्ट्यूटिव कंट्रोल और प्योर मोटरसाइक्लिंग का अनुभव भी बरकरार है। इस वैरिएंट में मिड और टॉप वैरिएंट के चुनिंदा फीचर लेकर हंटर लाईन-अप का स्वाभाविक विस्तार किया गया है।



# महामारी काल जैसी ऋण सुविधा गारंटी शुल्कों में राहत और मिले कार्यशील पूंजी

## पश्चिम एशिया सीआईआई ने पेश किया 20 सूत्रीय एजेंडा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव को कम करने के लिए एक 20 सूत्रीय एजेंडा पेश किया। इसमें प्राथमिक बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से अस्थायी छूट, समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी महामारी काल जैसी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल-ईसीएलजीएस) शुरू करने और एमएसएमई के लिए तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग की गई है।

सीआईआई ने प्रस्ताव दिया कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) मानदंडों पर पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि बैंक बाहरी व्यवधानों के दौरान क्षेत्र-विशिष्ट तनाव के प्रति अधिक लचीले ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। इसके अलावा, संगठन ने सुझाव दिया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एमएसएमई और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक विशेष पुनर्वित्त खिड़की स्थापित कर सकता है। सीआईआई ने सुझाव दिया कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दौरान प्राथमिक बाजारों में विदेशी पूंजी प्रवाह बनाए रखने के लिए वित्त मंत्रालय विदेशी निवेशकों को प्राथमिक बाजार निवेश में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर से अस्थायी छूट देने पर विचार कर सकता है। सीआईआई ने कहा कि यह नपातुला प्रोत्साहन स्थिरता का संकेत देगा और धैर्यवान पूंजी को प्रोत्साहित करेगा।

### 11% बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा अमूल का कारोबार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** डेयरी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमूल ने रविवार को कहा कि डेयरी उत्पादों की बेहतर मांग के कारण पिछले वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान उसका कुल कारोबार 11 प्रतिशत बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में अमूल ब्रांड का कुल कारोबार एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। 2024-25 के 90,000 करोड़ रुपये था। यह उछाल 1,200 से अधिक उत्पाद पैक के विशाल पोर्टफोलियो, विस्तृत वितरण नेटवर्क और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप तेजी से ढलने की क्षमता के कारण संभव हुआ है।

# एआई के कारण छंटनी पर नीतिगत हस्तक्षेप की मांग


**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कर्मचारियों के संगठन 'नाइट्स' ने प्रौद्योगिकी कंपनियों से छंटनी के बजाय कौशल विकास पर प्राथमिकता देने को कहा है। संगठन ने नीतिगत हस्तक्षेप के जरिये कार्यालय में काम करने वाले पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कड़े उपाय और अनिवार्य विच्छेद मानदंड लागू करने की मांग की है, क्योंकि उद्योग द्वारा कृत्रिम मेधा (एआई) के विस्तार से नौकरियों में कटौती और अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है। नैसेंट इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (नाइट्स) ने तर्क दिया कि हालांकि प्रौद्योगिकी कंपनियों का मुनाफा मजबूत बना हुआ है, लेकिन घटती नौकरी की सुरक्षा कॉरपोरेट जिम्मेदारी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाती है। नाइट्स के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा कि कंपनियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर वे एआई में निवेश कर रहे हैं, तो उन्हें अपने मौजूदा कर्मियों को फिर से प्रशिक्षित करने में भी निवेश करना चाहिए।

## काम की बात

# अच्छे सिबिल स्कोर के फायदे

**कारोबार डेस्क**




सिबिल स्कोर (CIBIL Score) आपकी फाइनेंशियल प्रोफाइल का वह जरूरी हिस्सा है, जिससे यह निर्धारित होता है कि आपको लोन मिलेगा या नहीं। अच्छा स्कोर 750 से ऊपर का स्कोर माना जाता है। इससे कम ब्याज, आसान लोन अप्रूवल और प्रीमियम क्रेडिट कार्ड जैसे फायदे मिलते हैं। आइए जानते हैं कि लोन के अलावा भी अच्छा सिबिल स्कोर क्यों जरूरी है और यदि किसी कारण से क्रेडिट स्कोर घट गया है तो उसे कैसे सुधार कर अच्छा किया जा सकता है।

### क्या है और कितने को मानते हैं अच्छा

- आसान भाषा में कहें तो CIBIL Score आपकी क्रेडिट हिस्ट्री का रिपोर्ट कार्ड है।

**कुल रेंज:** 300 से 900
**750 से ऊपर:** बहुत अच्छा
**650–750:** ठीक-ठाक
**650 से नीचे:** रिस्की
**अर्थात:** जितना अधिक स्कोर, उतनी विश्वसनीय प्रोफाइल

- बैंक ऋण देने से पहले आपकी विश्वसनीयता देखता है।

**अच्छा स्कोर = बैंक का भरोसा**
**खराब स्कोर = लोन रिजेक्ट**

### CIBIL Score = फाइनेंशियल पासपोर्ट

- **क्या अच्छा CIBIL Score होने से लोन आसानी से मिलता है?**
  - बिल्कुल बैंक ऐसे लोगों को लो-रिस्क मानते हैं
  - लोन अप्रूवल की संभावना बढ़ जाती है
  - यानी कि अच्छा स्कोर अर्थात लोन मिलने की गारंटी जैसी स्थिति
- **क्या कम ब्याज पर लोन मिल सकता है?**
  - हां, और यही सबसे बड़ा फायदा है।
  - अच्छा स्कोर होने पर बैंक कम ब्याज ऑफर करता है।
  - आप बैंक से बेहतर डील भी नेगोशिएट कर सकते हैं।
- **इसका लाभ क्या होगा**
  - EMI कम, अर्थात कुल भुगतान कम
- **क्या प्रीमियम क्रेडिट कार्ड मिलना आसान हो जाता है?**
  - हां, बैंक स्वयं ऐसे ग्राहकों को ऑफर देते हैं।
  - इसके अलावा ज्यादा लिमिट और बेहतर रिवाड्र्स भी मिलते हैं। जैसे-कैशबैक, टैवल बेनिफिट, एयरपोर्ट लाउंज एक्ससेस आदि।

**अगर खराब है सिबिल स्कोर**

- **अगर आपका क्रेडिट स्कोर खराब है तो तुरंत सही करना जरूरी है।**

### कैसे सही करें CIBIL Score

- **अपने स्कोर को बेहतर करने के लिए:**
  - समय पर EMI और बिल भरें
  - ज्यादा लोन एक साथ न लें
  - क्रेडिट लिमिट का कम इस्तेमाल करें
  - नियमित स्कोर चेक करें




**अनुमान** | पश्चिम एशिया संकट, कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव से जटिल बन गया है परिदृश्य

# अर्थशास्त्री बोले- रेपो दर को यथावत रखेगा रिजर्व बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट की वजह से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मुख्य नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है। अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। एक दर्जन से अधिक अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, जिंस कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव ने नीतिगत परिदृश्य को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि दर, मुद्रास्फीति पर आरबीआई के अनुमान और नीतिगत रुख पर गहरी नजर रहेगी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द अनिश्चितता को देखते हुए, आरबीआई द्वारा अप्रैल की नीति में यथास्थिति बनाए रखने और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विचार करने की संभावना है। एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने कहा कि दरों को स्थिर रखने की घोषणा करते समय आरबीआई अपनी टिप्पणी में काफी सावधानी बरतेगा। भारत मौजूदा संकट से अछूता नहीं है। रुपया पहले ही 93 प्रति डॉलर के ऊपर बना हुआ है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी है। घोष ने यह भी कहा कि अनुमानित सुपर अल नीनो भी मुद्रास्फीति पर दबाव डालेगा।

क्रिसिल की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि यदि मुद्रास्फीति एमपीसी के लक्ष्य के करीब रहती है, तो मौद्रिक नीति में इस झटके को नजरअंदाज करके दरों को स्थिर रखा जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल फरवरी से अब तक रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कमी की है। हालांकि, बैंक ने अगस्त, अक्टूबर और फरवरी, 2026 की बैठक में दर को अपरिवर्तित रखा। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अप्रैल समीक्षा बैठक सोमवार से शुरू होगी और बुधवार को इसके नतीजे की घोषणा की जाएगी।




### बदलाव की उम्मीद नहीं: एसबीआई रिसर्च

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक में रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गयी है।

अमृत विचार

सोमवार, 6 अप्रैल 2026



हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण से ही निपटते हैं।
-चाणक्य, दार्शनिक



# और उग्र होता युद्ध

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र और उसके बाद उसके प्रमुख पेट्रोकेमिकल ठिकानों पर अमेरिकी हमलों ने पश्चिम एशिया के युद्ध को अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करा दिया है। यह अब केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि ऊर्जा, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। साफ है कि अमेरिका अब ईरान की सैन्य क्षमता ही नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक रीढ़ को भी तोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। यह "पूर्ण युद्ध" की स्थिति है, जहां विरोधी की संपूर्ण संरचना को निशाना बनाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल की संभावित अगली चालों के संकेत स्पष्ट हैं कि रणनीतिक ठिकानों, मिसाइल बेस और ऊर्जा अवसंरचना, जिसमें विद्युत शामिल हैं, उन पर भीषण हमले। ट्रंप के 48 घंटे का अल्टीमेटम इस बात का संकेत है कि कूटनीति की जगह अब सैन्य दबाव ने ले ली है। ट्रंप की कथित "तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने" की योजना और वर्तमान आक्रामकता के बीच विरोधाभास स्पष्ट है। यह अमेरिकी घरेलू राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है, जहां वे एक निर्णायक और विजयी छवि प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इतिहास गवाह है कि अल्पकालिक युद्ध के लक्ष्य अक्सर दीर्घकालिक संघर्षों में बदल जाते हैं, विशेषकर जब ईरान जैसा विरोधी पक्ष, प्रतिरोध की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता हो। बड़ा सवाल यह है कि जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने ईरान को तत्काल परमाणु खतरा नहीं माना, तब उसके परमाणु संयंत्रों पर बार-बार हमले क्यों? इसका उत्तर रणनीतिक बहानेबाजी में है, भविष्य की क्षमता को अभी ही नष्ट करना। किंतु यह कदम अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बुशहर जैसे संयंत्र पर हमला, यदि गंभीर क्षति या रेडियोधर्मी रिसाव का कारण बनता है, तो इसका प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, कुवैत, यूएई और खाड़ी के अन्य देशों तक इसका असर पहुंच सकता है। नाभिकीय रिसाव की स्थिति में कैंसर, पर्यावरणीय विनाश और दशकों तक बने रहने वाले रेडिएशन की समस्या पैदा होती है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन, ऐसे संवेदनशील ठिकानों पर हमले से बचने की अपेक्षा करता है। फिर भी, इन नियमों का उल्लंघन यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में नैतिक सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। अमेरिका की "आर-पार" वाली रणनीति यह संकेत देती है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अचानक तीव्र हो सकता है। तेज हमलों की श्रृंखला, और फिर किसी निर्णायक मोड़ पर युद्धविराम का प्रयास। किंतु ईरान जैसे देश के पूर्ण "ध्वस्त" होने की संभावना कम है, इसके बजाय एक लंबा, अस्थिर संघर्ष अधिक यथार्थपरक परिदृश्य है। भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर, उसकी ऊर्जा निर्भरता होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस निकासी योजना तैयार रखनी चाहिए। यह युद्ध केवल दो देशों का नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता की परीक्षा बन चुका है। यदि परमाणु और ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले जारी रहे, तो इसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को झकझोर सकता है। भारत को सजग, संतुलित और रणनीतिक रूप से सक्रिय रहना होगा।

## प्रसंगवश

# वैश्विक सुस्ती और भारत के भविष्य की राह

हाल ही में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत 7.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक संरचना, नीतिगत स्थिरता और विकास क्षमता का स्पष्ट संकेतक है। ऐसे समय में जब विश्व की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है।



प्रो एच सी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय, देहरादून

रक्षा क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगभग 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इससे पूर्व 2023-24 में यह आंकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था। लगातार बढ़ता यह निर्यात वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की स्वीकार्यता और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है। वर्तमान में भारत 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जबकि निर्यातकों की संख्या भी 128 से बढ़कर 145 हो गई है। भारत की इस तेज आर्थिक वृद्धि के पीछे कई ठोस कारण हैं। घरेलू मांग इसकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। नीतिगत सुधारों की निरंतरता भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है।

डिजिटल क्रांति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और सुलभ बनाया है, जिससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को भी नई ऊर्जा मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार ने नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं। आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, विशेषकर युवाओं के संदर्भ में। यदि विकास समावेशी नहीं होगा, तो सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है। आय असमानता भी एक चिंताजनक विषय है, जहां संपत्ति और आय का वितरण असंतुलित होता जा रहा है। शहरी-ग्रामीण तथा संगठित-असंगठित क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए लक्षित नीतियों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वैश्विक परिस्थितियां भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी घटनाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रही हैं। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मांग में कमी का प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है। हाल ही में विनिर्माण क्षेत्र का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएसआई) फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 हो गया, जो उत्पादन में कुछ धीमापन दर्शाता है। कृषि क्षेत्र की स्थिरता भी एक अहम मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, किंतु इस क्षेत्र की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियां कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अंततः 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है, परंतु इसे दीर्घकालिक, समावेशी और टिकाऊ बनाना अधिक आवश्यक है। यदि भारत इस दिशा में संतुलित प्रयास जारी रखता है, तो वह न केवल वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा, बल्कि अपने नागरिकों के लिए समृद्धि और अवसरों का नया युग भी सुनिश्चित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# अजेय भारत के लिए जरूरी अभेद्य आसमान





नवीन गुप्ता
बरेली

युद्ध अब केवल जमीन पर सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा सकते। दुश्मन का कौन कितना नुकसान करके, कितनी बढ़त हासिल करेगा, इसका फैसला आसमान में जेट, मिसाइल और ड्रोन के प्रहार तय हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने यही दिखाया है कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, मिसाइलों और उन्नत तकनीक का प्रभुत्व किस कदर बढ़ता जा रहा है।

साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ छिड़ी हालिया जंग ने ड्रोन और वायु शक्ति की ताकत को मजबूती के साथ स्थापित किया है। इसके चलते ही खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण युद्ध क्षेत्र जैसी अराजकता बनी हुई है। यहां तक कि अमेरिका का करोड़ों डॉलर का थॉड एयर डिफेंस सिस्टम भी ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को पूरी तरह रोकने में नाकाम रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में न सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों, राडारों के साथ तेल गैस संयंत्रों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाया है, बल्कि इसरायली एयर डिफेंस सिस्टम पर भी दबाव बनाए रखा है। इसके साथ ही वह ड्रोन के झुंडों का इस्तेमाल करके भी निशाने साध रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि भारत के पास अपने आसमान की सुरक्षा की कितनी तैयारी है। क्या भारत का मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम उन्नत ड्रोन और मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 4.5 अरब रुपये का समझौता किया है। ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोनों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों के खिलाफ भारत की कई परतों वाली हवाई सुरक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए रूस से पांच और एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाले लंबी दूरी के मिसाइल सिस्टम को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, आधुनिक युद्ध में हमला और बचाव दोनों क्षमताएं हासिल करने के लिए भारी निवेश जरूरी है। पहले सेनाएं सैनिकों के बड़े फॉर्मेशन पर आधारित थीं, अब जेट, मिसाइल, ड्रोन, रडार और इंटरसेप्टर जैसी तकनीकें निर्णायक हो गई हैं। इसे देखते हुए ही पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय वायुसेना भी अपनी युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन 'घातक' के चार स्क्वाड्रनों को अनुमति दी है। यह फैसला भारतीय वायुसेना की भविष्य की स्ट्राइक क्षमता और युद्ध की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भी हवाई टकराव ही केंद्रीय भूमिका में था, जिसमें ड्रोनों के झुंड इस्तेमाल किए जा रहे थे। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय सेना के ड्रोन हथियार भंडार में कई प्रकार के हाईटेक ड्रोन शामिल हैं। इनमें इजराइल के टोही ड्रोन आईएआई सर्चर और हार्पर के अलावा इजराइल से ही आए लॉयटरिंग म्यूनिशन, जैसे हारोप और हार्पी भी हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट कुश भारत का नया एयर डिफेंस सिस्टम है, इसके तहत डीआरडीओ लांग रेंज की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैयार कर रहा है। इस तीन स्तरीय प्रणाली की सबसे कम रेंज 150 किमी होगी, मध्यम रेंज 250 किमी और अधिकतम रेंज 350 किमी तक होगी।

देश के पास रूस से लिया गया एस-400 एयर सिस्टम पहले से ही है। डीआरडीओ का प्रोजेक्ट कुश 350 किमी दूर से दुश्मन की हरकत का पता लगा लेगा। माना जा रहा है कि यह इजराइल के आयरन डोम से बहुत बेहतर होगा, जिसकी रेंज महज 70 से 80 किमी है। यही नहीं, कुश को अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से भी बेहतर बताया जा रहा है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम 110 से 130 किमी दूर से दुश्मन के हमलों को ट्रैक कर पाता है। भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा। कुश के सीमाओं पर तैनात होने के बाद भारत उन महत्वपूर्ण देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपना लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम है।

पश्चिम एशिया युद्ध का बड़ा सबक है कि सस्ते और लागत प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम को बड़े पैमाने पर विकसित किए जाएं या खरीदे जाएं। खाड़ी देशों के पास इस तरह की प्रणालियों की कमी है, जिसकी कीमत उन्हें नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी है। ये कम लागत वाले सस्ते सिस्टम, मौजूदा एयर डिफेंस प्रणालियों के ऊपर एक अतिरिक्त परत के तौर पर काम करेंगे। इससे महंगे एयर डिफेंस सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा और दुश्मन के कम लागत वाले ड्रोन से निपटने में उनका उपयोग सीमित रहेगा।

> भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा।

## आमने सामने



अगर भारत ने कोई 'नाटकीय साजिश के तहत ऑपरेशन' किया तो पाकिस्तान सीधे कोलकाता तक जाएगा। मेरे पास खबरें हैं कि भारत ऐसी कोई साजिश रच रहा है। वो कह रहे हैं कि कुछ लाशें बिछाई जाएंगी और कहा जाएगा कि ये आतंकी थे और इन्होंने यह किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया।
**– ख्वाजा आसिफ** रक्षा मंत्री, पाकिस्तान

क्या पाकिस्तान में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत है? 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनको घर में घुसकर मारा। क्या भूल गया कि हमने आतंकवादियों के पूरे-पूरे परिवारों को और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया था। पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध रोकने के लिए भारत के पास आया। भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोका।
**– प्रतुल शाहदेव** प्रवक्ता, भाजपा



# अस्थिर दुनिया में आत्मनिर्भरता जरूरी



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुनिया अब अलग-अलग बिखरे देशों का नक्शा मात्र नहीं रही है। यह एक ऐसा तंत्र बन गई है, जिसमें कहीं भी हलचल होती है, तो उसकी तरंगें दुनिया के हर कोने तक पहुंचती हैं। हाल में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव की स्थिति के बाद पैदा हुए तनाव ने इस सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध से भी यह सबक मिल चुका है कि जंग किसी एक भूभाग तक सीमित नहीं रहती। उसके असर सीमाओं से परे जाते हैं। इस बात को हम लागू होते देख रहे हैं।

भारत इस अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का हिस्सा नहीं है, लेकिन उसका असर हमारे यहां साफ दिखाई दे रहा है। पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति में अस्थिरता, छोटे उद्योगों का ठप पड़ना, निर्यात पर असर ये सब संकेत दे रहे हैं कि वैश्विक अस्थिरता का बोझ हम भी ढो रहे हैं। दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि कई लोग इसकी तुलना एक गांव से भी करते हैं। मानना ही होगा कि यह एक ऐसा साझा घर बन चुकी है, जिसकी एक दीवार पर आग लगे तो दूसरी दीवार पर बैठे लोग भी उसकी आंच महसूस करते हैं।

भारत की नीति स्पष्ट रूप से शांति की है, लेकिन वैश्विक व्यवस्था में उसकी भागीदारी इतनी गहरी है कि किसी भी तनाव के असर से बचना संभव नहीं है। शहरों में ठेले पर चाय बेचने वाला हो या मिठाई की दुकान चलाने वाला हलवाई, हर किसी के काम पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग में देरी अब सिर्फ एक असुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की कमाई पर चोट बनती जा रही है। इसका बड़ा कारण मूलभूत जरूरतों के लिए हमारा अन्य देशों पर निर्भर होना है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हम अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इतने अधिक बाहरी स्रोतों पर निर्भर हो चुके हैं कि कहीं भी हलचल हो और हमारी जमीन हिलने लगे? यह सच है कि हमारी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आज भी आयात किए गए तेल और गैस से पूरा होता है। खाड़ी क्षेत्र में तनातनी बढ़ते ही सप्लाई चेन पर दबाव पड़ता है और उसका सीधा असर हमारे घरों तक पहुंचता है। यह निर्भरता केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि रणनीतिक कमजोरी भी है, लेकिन बात केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। भारत का औद्योगिक और कृषि ढांचा भी कई मायनों में वैश्विक आपूर्ति पर टिका हुआ है। खाद्य तेल से लेकर उर्वरकों तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रक्षा उपकरणों तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब वैश्विक संकट लंबा खिंचने लगता है।

बात केवल आयात की नहीं है, निर्यात भी इस संकट से प्रभावित हो रहा है। बीकानेर का भुजिया, महाराष्ट्र के केले, कपड़ा उद्योग और समुद्री उत्पाद आदि सबका अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचना अब पहले जैसा सहज नहीं रहा। जलगांव से रोजाना दो से तीन हजार टन केला खाड़ी देशों व यूरोप को निर्यात होता है, लेकिन इस युद्ध ने निर्यात को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। केले से भरे सैकड़ों कंटेनर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। इसी प्रकार बीकानेर से भुजिया का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। समुद्री रास्तों में असुरक्षा और लागत बढ़ने से कई व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल माल की आवाजाही का संकट नहीं है, बल्कि इन उद्योगों से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी का भी सवाल है।

भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है। भारत डिजिटल रूप से तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन इस डिजिटल ढांचे की बुनियाद अब भी काफी हद तक विदेशी तकनीक पर टिकी है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम, क्लाउड सेवाएं सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बाहरी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। ऐसे में वैश्विक तनाव या प्रतिबंधों की स्थिति में यह निर्भरता गंभीर जोखिम बन सकती है। इंटरनेट के क्षेत्र में भी हालात अलग नहीं हैं। सोशल मीडिया, सर्च इंजन और डेटा स्टोरेज जैसे प्लेटफॉर्म विदेशी स्वामित्व में हैं, जिससे डेटा सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता पर सवाल उठते हैं। यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है।

इसके साथ ही, भारत में मौलिक आविष्कारों की कमी भी चिंता का विषय है। आईटी सेवाओं में मजबूती के बावजूद, शोध और पेटेंट के मामले में भारत अभी पीछे है। रिसर्च और डवलपमेंट पर कम निवेश इसकी वजह हैं। ऐसे में आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता देना अनिवार्य हो गया है। समय की मांग है कि हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहे हैं, बल्कि आर्थिक स्थिरता का आधार भी बन चुके हैं। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना, छोटे उद्योगों को तकनीक और वित्तीय सहायता देना और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ऐसे कदम ही भारत को भीतर से सशक्त बना सकते हैं।

हमारे सामने चुनौती यह नहीं है कि वह इन युद्धों को रोक सके, बल्कि बड़ी चुनौती यह है कि हम इनके प्रभाव को अपने यहां किस हद तक सीमित कर पाते हैं। जब दुनिया जलती है, तो उसकी आंच से बचना संभव नहीं है, लेकिन हम अपने घर को आग से बचाने के प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। आत्मनिर्भरता उसी बचाव का नाम है। आत्मनिर्भरता ही एक ऐसा कवच है, जो हमें संकट से बचा सकता है। हमारा देश आत्मनिर्भर बने, इसके लिए कदम उठाने ही होंगे। इसके लिए सरकार, हमारे नीति नियंताओं, नागरिकों, संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। यह परिहार्य है, इस बात को समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है।

## सोशल फोरम

# युद्धक विमान का पायलट

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच एक अमेरिकी पायलट की तलाश में दोनों देश रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। हुआ कुछ यूं कि बीते दिनों एक अमेरिका के युद्धक विमान F-15E को ईरान ने मार गिराया। समय रहते उस विमान के दोनों पायलट कूद गए। खबर मिलते ही अमेरिका ने, अपने पायलटों को सकुशल ईरान के क्षेत्र से निकाल ले जाने के लिए, रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। उसके कुछ टोही हेलिकॉप्टर ईरान की पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाने लगे। बताया जाता है कि उन्हें इस कार्य में एक पायलट निकाल लेने में सफलता मिल गई है, परंतु दूसरा पायलट अभी तक लापता है। यद्यपि इस रेस्क्यू ऑपरेशन में उसके दो टोही हेलिकॉप्टरों को भी ईरान के सैनिकों द्वारा हमले में क्षतिग्रस्त करने की खबर है, परंतु वो दोनों हेलिकाप्टर ईरान के क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हो गए है।



विजय सिंह
रुद्रपुर

दूसरी तरफ लापता पायलट की तलाश में, ईरान ने भी रेस्क्यू शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उसने घोषणा भी की है कि उक्त पायलट को पकड़ने वाले को भारी भरकम रकम इनाम में दिया जाएगा। इससे एक बात तो समझ में आती ही है कि एक क्षतिग्रस्त विमान के पायलट का महत्व कितना होता है, जो कि उसको अपने कब्जे में लेने के लिए, उसके स्वयं के देश और दुश्मन देश, दोनों परेशान देखे जाते हैं। दरअसल ऐसी स्थिति में पायलट की जान की सुरक्षा के अतिरिक्त, उसकी जेब में जो महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां, दुश्मन के अड्डे, मैप, युद्ध स्ट्रेटजी आदि की कॉपी होती हैं, उसकी सुरक्षा का प्रश्न उठ खड़ा होता है। प्रसंगवश जानकारी हेतु एक युद्धक विमान का पायलट, उच्च प्रतीक्षित सैन्य अधिकारी होता है, जिसे 5 से 7 साल की ट्रेनिंग के बाद, इस तरह के युद्ध के विभिन्न पहलुओं के लिए तैयार किया जाता है। युद्ध में उड़ान के दौरान, कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, जिसमें विमान को पलक झपकते नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे और इधर-उधर गोते लगाते, कभी पलटी मारते, विभिन्न प्रकार की अचंभित करने वाली कलाबाजियां करते देखा जाता है। एक पायलट के लिए यह स्थिति बेहद जटिल होती है। इस दौरान उसे विमान की गति और गुरुत्वाकर्षण बल की तीव्रता, दोनों का प्रभाव अपने शरीर के ऊपर झेलना होता है। ऐसे में रक्त प्रवाह की गति में अवरोध के कारण कुछ पलों तक पायलट को संज्ञा शून्य की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। बताते हैं कि इस दौरान उसके शरीर का वजन पल-पल बड़ी तीव्रता से 6 से 8 किलो तक बढ़ती घटता रहता है। सोचिए भला कौन देश चाहेगा कि उसका इतना महत्वपूर्ण, होनहार पायलट दुश्मन देश के हाथ लग जाए और वह उसका प्रयोग बार्गेनिंग में करे।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# किसानों की मेहनत पर प्रकृति की मार

भारत विश्व का एक प्रमुख कृषि प्रधान देश है, जहां आज भी बड़ी आबादी की आजीविका खेती-किसानी पर निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि से जुड़ा हुआ है, जो मुख्यतः प्रकृति, विशेषकर मानसून पर आधारित है। यही कारण है कि भारतीय कृषि को अक्सर 'मानसून का जुआ' कहा जाता है। मार्च और अप्रैल का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह अवधि होती है जब रबी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं और उनकी कटाई शुरू होती है। यह समय किसानों के पूरे वर्ष के परिश्रम के फल प्राप्त होने का होता है, किंतु बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने इस बार भी उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है।



सुनील कुमार महला
लेखक

वर्तमान में उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में असामान्य मौसम का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान के हाड़ौती और बीकानेर क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलें, जो कटाई के लिए तैयार थीं, अचानक हुई बारिश और ओलों की मार से नष्ट हो गईं। कई स्थानों पर खेतों में ओलों की मोटी परत जम गई, जिसने फसलों को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार मूल्य पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।

राजस्थान के जयपुर से लेकर जैसलमेर तक कई जिलों में तेज मौसमीय गतिविधियां दर्ज की गईं। बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में बड़े आकार के ओलों ने फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पंजाब के मालवा और दोआब क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि का प्रभाव देखा गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तेज हवाओं, बारिश और ओलों की घटनाएं सामने आईं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बर्फबारी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस असामान्य मौसम का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो बार-बार उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि ला रहा है। यह स्थिति कृषि पर निर्भर करोड़ों किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। हालांकि सरकार द्वारा फसल बीमा और राहत योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनका लाभ हर प्रभावित किसान तक समय पर पहुंचना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे समय में किसानों को त्वरित मुआवजा, सटीक मौसम पूर्वानुमान और बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, अनाज मंडियों और भंडारण की समुचित व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। गौरतलब है कि बैसाखी का पर्व निकट है, जो गेहूं की कटाई का प्रमुख समय होता है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो उत्पादन में कमी आ सकती है, जिसका प्रभाव किसानों की आय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। कहा जा सकता है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय कृषि आज भी प्राकृतिक जोखिमों से घिरी हुई है। ऐसे में समय पर राहत, सुदृढ़ फसल बीमा, उन्नत कृषि तकनीकों का विकास और सटीक मौसम पूर्वानुमान ही किसानों को इस संकट से उबारने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



“राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने आखिरी पलों में जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को 20वां ओवर सौंपा।
–इरफान पठान


# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत का पचासा, लखनऊ ने खोला खाता

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी**

मोहम्मद शमी (चार ओवर में नौ रन पर दो विकेट) की करिश्माई गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋषभ पंत (50 गेंदों में नाबाद 68 रन) की जिम्मेदारी से की गई बल्लेबाजी के बूते लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी।

शमी ने मैच की शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा (शून्य) और ट्रेविस हेड (सात) की खतरनाक सलामी जोड़ी को आउट कर सनराइजर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी कर सनराइजर्स के बल्लेबाजों के साथ उन्हें नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से भी सवाल किया। सनराइजर्स को नौ विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद सुपर जायंट्स ने एडेन मारक्रम के 27 गेंदों में 46 और पंत की नाबाद पारी से एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर जीत का खाता खोला।

लक्ष्य का पीछा अंतिम ओवर में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट पर दो लगातार चौके जड़कर मैच को शानदार अंदाज में समाप्त किया। पंत ने दूसरी गेंद पर टेनिस की तरह फोरहैंड स्टाइल में शॉट मारा, जबकि मिड-ऑफ के ऊपर से चौके के साथ उन्होंने मैच को खत्म किया। हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने पंत ने धीमी पिच पर अपने शॉट्स का चयन बेहद समझदारी से करते हुए नौ चौके लगाए। शमी की चुनौती से निपटने के बाद हेनरिच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के शमी के स्पैल के दौरान कप्तान इशान किशन (एक) प्रिंस यादव का शिकार बनकर सस्ते में पवेलियन लौटे। आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत की शानदार विकेटकीपिंग का शिकार बने। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद टीम के लिए क्लासेन (62 रन) और रेड्डी (56 रन) ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत। एजेंसी

### मैं बल्ले से जवाब देना जारी रखूंगा : पंत

हैदराबाद। टी20 बल्लेबाजी शैली को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच, कप्तान ऋषभ पंत ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की बातचीत सबसे अधिक मायने रखती है। उन्होंने कहामैं जानता हूं कि मैं अच्छी तैयारी कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा बल्ला ही बोले। मेरे साथी और टीम प्रबंधन मेरी मेहनत देखते हैं, वही मायने रखता है।

### अपने कौशल पर काम किया : शमी

हैदराबाद। तेज गेंदबाजी के अगुआ मोहम्मद शमी ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के जरिए मैच के लिए तैयार रहना और अपने कौशल को निखारते हुए बेहतरीन फिटनेस बनाए रखना, उनके शानदार प्रदर्शन में अहम रहा। उन्होंने कहा अगर आप खेलना चाहते हैं तो खेल के साथ तालमेल बनाये रखना जरूरी है। आप फिट हैं, तभी कौशल पर काम कर सकते हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**156/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का मारक्रम बो शमी | 07 |
| अभिषेक शर्मा का सिद्धार्थ बो शमी | 00 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 |
| लियाम लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | |
| हेनरिच क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 |
| हर्षल पटेल रन आउट पंत | 04 |

**अतिरिक्त :** 05, **गेंदबाजी :** शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**160/5** (19.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 |
| आयुष बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 |
| अब्दुल समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त :** 02, **गेंदबाजी :** हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3 .5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.415 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.233 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाइटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.467 |

**ऑरेंज कैप**






समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन

**पर्पल कैप**




रवि विश्नोई
राजस्थान 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
जेकब डफी
आरसीबी 5 विकेट



## लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं वैशाख

**कोलकाता, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन आईपीएल में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है।

उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी ‘वाइड यॉर्कर’ और ‘स्लो बाउंसर्स’ से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है। आज के दौर में जब हर चीज का वीडियो विश्लेषण उपलब्ध है तो वैशाख का मानना है कि अपनी गेंदबाजी के कौशल में लगातार सुधार करते रहने के अलावा सफलता पाने का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा मैं उतनी तेज गेंदबाजी नहीं करता हूं जितनी तेज गेंदबाजी अन्य कर रहे हैं।

**हाईलाइट**

### ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करते दिखेंगे : साउदी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने रविवार को कहा कि आईपीएल के सबसे मंहगे विदेश खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने नेट में गेंदबाजी करना फिर से शुरू कर दिया है और वह जल्द ही मैच में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25 .20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन उन्होंने इस सत्र में अब तक गेंदबाजी नहीं की है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) उनकी पीठ की सर्जरी के बाद उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। साउदी ने केकेआर के पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, ग्रीन अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और अपने उबरने पर काम कर रहे हैं।

### जीत से रियान पराग का बढ़ेगा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। मौजूदा सत्र में रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने आखिरी पलों में एक अहम रणनीति फैसला करते हुए जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को आखिरी ओवर सौंपा। उन्होंने कहा यह सत्र का सबसे अच्छा मैच था।

# पंजाब के खिलाफ जीत का खाता खोलने उतरेंगे नाइट राइडर्स

**कोलकाता, एजेंसी**

मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।

**मैच पर बारिश का साया :** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार मैच के दौरान बारिश की काफी संभावना है। बारिश के कारण मुकाबला बाधित या रद्द होने या कम ओवरों में होने की आशंका है। केकेआर का अगला घरेलू मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को है और इस मैच पर भी बारिश का खतरा है। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह से लगातार बादल छाए हुए हैं और राज्य में रविवार से बृहस्पतिवार तक बारिश और तूफान के दौर चल सकते हैं जिनमें ओले और बिजली गिरने की संभावना है। बारिश की तीव्रता व क्षेत्रीय प्रभाव मंगलवार और बुधवार को चरम पर पहुंचने की संभावना है।

# सत्र का सर्वाधिक स्कोर बनाकर जीता आरसीबी



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते टिम डेविड।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- डेविड, पाटीदार और पडिक्कल ने बैट से किया धमाल
- चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रनों से हराया

टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडिक्कल (50) और कप्तान रजत पाटीदार (नाबाद 48) की विस्फोटक पारियों के बाद भुवनेश्वर कुमार (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को आईपीएल के 11वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स 43 रनों से शिकस्त दी।

यह आरसीबी की टूर्नामेंट में दूसरी जीत तथा सीएसके की तीसरी हार है। 250 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछ करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स शुरुआत से दबाव में दिखी और उसने मात्र 30 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (सात), आयुष म्हात्रे (एक) और संजू सैमसन (नौ) रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए कार्तिक शर्मा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने सरफराज खान को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सरफराज खान ने 25 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (50) रनों की पारी खेली। इसी ओवर में क्रुणाल पंड्या ने कार्तिक शर्मा (छह) को भी अपना शिकार बना लिया। शिवम दुबे 13 गेंदों में 18 रन बनाकर छठे विकेट के रूप में आउट हुये। 16वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने तूफानी बल्लेबाजी कर रहे प्रशांत वीर को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रशांत वीर ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 43 रन बनाये। 17वें ओवर में सुशय शर्मा ने जेमी ओवर्टन को आउट कर चेन्नई सुपर किंग्स को आठवां झटका दिया।

**चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**250/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का नूर अहमद बो दुबे | 46 |
| विराट कोहली का दुबे बो कंबोज | 28 |
| देवदत्त पडिक्कल बो ओवरटन | 50 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 48 |
| टिम डेविड नाबाद | 70 |

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : खलील 4-0-37-0, हेनरी 3-0-36-0, कंबोज 4-0-52-1, नूर अहमद 4-0-49-0, ओवरटन 3-0-42-1, दुबे 2-0-30-1

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**207/10** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का पडीक्कल बो डफी | 09 |
| गायकवाड का पडीक्कल बो डफी | 07 |
| आयुष म्हात्रे का पाटीदार बो कुमार | 01 |
| सरफराज खान स्ट जितेश बो पंड्या | 50 |
| कार्तिक शर्मा का अभिनंदन बो पंड्या | 06 |
| शिवम दुबे का जितेश बो अभिनंदन | 18 |
| प्रशांत वीर का पाटीदार बो भुवनेश्वर | 43 |
| जेमी ओवरटन का सब बो सुयश | 37 |
| अशंल कंबोज नाबाद | 19 |
| नूर अहमद का कोहली बो भुवनेश्वर | 08 |
| मैट हेनरी का सॉल्ट बो अभिनंदन | 02 |

अतिरिक्त : 07, गेंदबाजी : डफी 4-0-58-2, भुवनेश्वर 4-0-41-3, अभिनंदन 3 .4-0-30-2, कृणाल पंड्या 3-0-36-2, सूयश शर्मा 4-0-21-1, शेफर्ड 1-0-19-0

**ग्रेनाडा विश्व कप**

**पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने का संकल्प लेकर उतरेंगे**

# भारतीय निशानेबाज अपनी छाप छोड़ने को तैयार

**ग्रेनाडा (स्पेन), एजेंसी**

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए।

मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।



टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे। सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उनका कांस्य पदक उन्हें विश्व कप से पहले आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है।

टीम का सबसे उत्साहजनक पहलू लगभग तीन साल बाद मूक एवं बधिर 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत की विश्व कप टीम में वापसी है। श्रीकांत पिछली बार बाकू में आयोजित 2022 विश्व कप में खेले थे और तब से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

**भारतीय दल**

**पुरुष :** 10 मीटर एयर राइफल : गजानन खंडागले, अर्शदीप सिंह, धनुष श्रीकांत। 50 मीटर राइफल थ्री-पी : नीरज कुमार, अखिल श्योराण, चैन सिंह। 10 मीटर एयर पिस्टल : मुकेश नेलवल्ली, उज्जवल मलिक, प्रमोद। 25 मीटर रैपिडफायर : विजयवीर सिद्धू, नीरज कुमार, अंकुर गोयल। **महिला :** 10 मीटर एयर राइफल : सोनम मास्कर, श्रुति, मेहुली घोष। 50 मीटर राइफल 3-पी : आयुषी पोद्दार, अंजुम मौदगिल, सुरभि रापोल। 10 मीटर एयर पिस्टल : पलक, सैन्यम, मीनू पाठक। 25 मीटर पिस्टल : रिदम सांगवान, सिमरनप्रीत कौर बराड़, दिव्या टीएस। मिश्रित टीम : एयर राइफल : गजानन खंडागले / सोनम मास्कर, अर्शदीप सिंह / श्रुति।

# ला लीगा : बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद मैड्रिड को दी शिकस्त

**मैड्रिड, एजेंसी**



बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रीयाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सीलोना की स्थिति और मजबूत कर दी।

बार्सीलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सीलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सीलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

एटलेटिको की टीम 30 मैच में 57 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में रीयाल सोसीदाद ने लेवांते को 2-0 से हराया जबकि रीयाल बेटिस ने एस्पानयोल से गोल रहित ड्रॉ खेला।

### साउथम्पटन ने आर्सेनल, मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को हराया

**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने शनिवार को यहां एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को 1-2 से हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।